

YouTube Subscribe Amar Bhaskar News | X @amarbhashkarnews | Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड एवं राजस्थान में प्रसारित



प्रधानमंत्री मोदी ने तोड़ा नेहरू का रिकॉर्ड, दो रिकॉर्ड.........०१ | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | सीएम योगी ने कहा कोई भी मामला तीन माह से ज्यादा...०१

वर्षः ०३ अंकः 325 | बदायूं, गुरूवार 11 जून 2026 | पृष्ठ- ०८ | मूल्य- 4.०० रूपये


# पीएम मोदी ने तोड़ा जवाहर लाल नेहरू का रिकॉर्ड

## नेहरू-इंदिरा गांधी के दो रिकॉर्ड से अभी दूर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 12 वर्षों से ज्यादा समय से सत्ता पर काबिज हैं। इस दौरान पीएम ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। फिर चाहे देश की अर्थव्यवस्था को गति देने की बात हो या इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने का विषय। इन पहलुओं के साथ पीएम मोदी ने निजी तौर पर भी कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इनमें सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता के साथ-साथ सबसे लंबे समय तक गैर-कांग्रेसी पीएम रहने तक की उपलब्धि शामिल है। अब 1० जून 2०26 को मोदी भारत पर लगातार सबसे लंबा शासन करने वाले प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान भी अपने नाम कर चुके हैं। वे लगातार 4399 दिन देश पर शासन कर के पहले पीएम नेहरू के लगातार 4398 दिन शासन (चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर) करने के रिकॉर्ड को तोड़ चुके हैं।

हालांकि, यह सिर्फ कुछ रिकॉर्ड हैं, जिन्हें पीएम मोदी ने छुआ है। अभी कई और कीर्तिमान उनकी झोली में गिरना बाकी है। वहीं, कुछ और रिकॉर्ड ऐसे भी हैं, जो फिलहाल उनकी पहुंच से दूर हैं और उन्हें पार करने के लिए मोदी को कम से कम एक और कार्यकाल के लिए पीएम बनना होगा। पीएम मोदी के लिए यह पूरी उपलब्धि सिर्फ किसी एक सरकार का नेतृत्व करते हुए नहीं आई है। बल्कि उनकी इस उपलब्धि में 15 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड और अब लगातार करीब 12 साल से प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1० जून 2०26 को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले चुने हुए लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री बन गए। वह देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लगातार कार्यकाल वाले 64 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, आजादी के बाद देश के पहले आम चुनावों के बाद गठित पहली लोकसभा का गठन 17 अप्रैल 1952 को हुआ था। उसकी पहली बैठक 13 मई 1952 को हुई थी और इसी दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस लिहाज से देखा जाए तो जहां नेहरू पहला चुनाव जीतने के बाद लगातार 4398 दिन (12 साल 15 दिन) तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। वहीं, पीएम मोदी ने आज (बुधवार) को कुल 4399 दिन लगातार पीएम रहने का गौरव हासिल कर लिया। यानी वे लगातार सबसे लंबे समय तक चुने हुए प्रधानमंत्री होने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। इस रिकॉर्ड की बारीक समझ भी हासिल करना जरूरी है। दरअसल, जवाहरलाल नेहरू का प्रधानमंत्री के रूप में कुल कार्यकाल कुल 6,131 दिन का था। इसकी वजह यह है कि उन्होंने भारत की कमान 1947 में ब्रिटिश शासन से आजादी के बाद ही संभाल ली थी। तब पीएम पद के लिए कोई चुनाव नहीं हुआ था। देश में पहली बार आम चुनाव 1952 में ही हुए। यानी 1947 से 1952 तक नेहरू पीएम तो रहे, लेकिन उनकी सरकार चुनाव के जरिए नहीं आई थी यानी निर्वाचित नहीं थी। इस लिहाज से आम चुनाव के बाद लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित होकर लगातार प्रधानमंत्री पद पर रहने की अवधि को देखा जाए, तो पीएम मोदी अब नेहरू के रिकॉर्ड को पार कर चुके हैं। अभी कौन से रिकॉर्ड पीएम मोदी की पहुंच से दूर?

## ईरान ने खो दिया मौका

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप ने तेहरान को दी धमकी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सैन्य क्षमता पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि उसकी सेना पूरी तरह बिखर चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी हैं। ट्रंप ने एक बयान में कहा, ईरान की सेना पूरी तरह और संपूर्ण रूप से अव्यवस्थित हो चुकी है। इसका बड़ा हिस्सा, जैसे उसकी नौसेना और वायुसेना, अब लगभग अस्तित्व में ही नहीं है। उन्हें पूरी तरह पराजित कर दिया गया है।

ट्रंप ने कहा, ईरान सिर्फ बातें करता है, कार्रवाई नहीं करता। पश्चिम एशिया का दबंग अब खत्म हो चुका है। ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते का जिक्र करते हुए कहा, उन्होंने ऐसे समझौते पर बातचीत करने में बहुत देर कर दी, जो उनके लिए बहुत अच्छा साबित हो सकता था। अब उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव उस समय और बढ़ गया, जब ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दक्षिणी ईरान में अमेरिका के हमलों के जवाब में बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी-संबंधित ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में और अधिक सैन्य टकराव की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। इससे पहले अमेरिकी सेना ने कहा था कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर एक अमेरिकी हेलिकॉप्टर गिराए जाने की रिपोर्टों के बाद ईरानी ठिकानों के खिलाफ आत्मरक्षा में हमले किए थे। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद तनाव को और गहरा गया।इस पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी है कि ईरान किसी भी हमले या धमकी को बिना जवाब दिए नहीं छोड़ेगा। उनकी इस कड़ी प्रतिक्रिया ने आगे और अधिक सैन्य वृद्धि की आशंकाओं को जन्म दिया है।

तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस्राइल के हमलों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि सीरिया और लेबनान पर इस्राइल के हमले अब तुर्किये के लिए भी खतरा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इस्राइल की यह आक्रामकता पूरी दुनिया के लिए खतरा पैदा करती है और इसे तत्काल रोका जाना चाहिए।

## एक नजर

### यूपी सिपाही भर्तीः पहले दिन 25 फीसदी ने छोड़ी परीक्षा

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस में 32,679 सिपाही नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित पहले दिन की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। पहले दिन की दोनों पालियों में 75.15 फीसद अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 24.85 फीसद ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पहले दिन की परीक्षा के दौरान हापुड़ और गोरखपुर से दो अभ्यर्थी गिरफ्तार किए गए, जबकि आजमगढ़ में एक अभ्यर्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर हिरासत में लिया गया है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एसबी शिरडकर ने बताया कि पहले दिन की लिखित परीक्षा सभी 75 जिलों के 1183 परीक्षा केंद्रों पर 2 पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से हुई। दोनों पालियों में कुल 9,62,832 अभ्यर्थी परीक्षा देने बुलाए गए थे जिनमें से 7,23,54० (75.15 प्रतिशत) अभ्यर्थी परीक्षा देने आए थे। बोर्ड द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म तथा जिलों के परीक्षा केंद्रों पर आपराधिक गतिविधियों अंजाम देने वाले अभ्यर्थियों एवं अराजक तत्वों के खिलाफ अब तक 5 प्राथमिकी दर्ज की गई है। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि परीक्षा में आपराधिक कृत्य करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अभ्यर्थी ऐसे किसी भी कृत्य अथवा व्यक्ति एवं भ्रामक संदेशों से सावधान रहें और परीक्षा में पूर्ण मनोयोग से हिस्सा लें। हापुड़ स्थित पिलखुआ में परीक्षा केंद्र बनाए गए सर्वोदय इंटर कॉलेज में अभ्यर्थी सचिन निवासी अमरोहा द्वारा वॉशरूम जाने एवं वापस लौटने में विलंब होने पर संदेह के आधार पर चेक किया गया। उसके पास मोबाइल फोन मिलने पर थाना पिलखुआ में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गोरखपुर के परीक्षा केंद्र नीना थापा इंटर कालेज में परीक्षार्थी राम प्रकाश कुमार निवासी बिहार द्वारा परीक्षा कक्ष में मोबाइल का इस्तेमाल करने पर गिरफ्तार कर लिया गया।

# ईओडब्ल्यू की समीक्षा, सीएम योगी बोले- किसी मामले को तीन माह से अधिक लंबित न रखें

अमर भास्कर, ब्यूरो

**लखनऊ।** आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक प्रभावी, त्वरित और परिणामोन्मुख बनाने के लिए आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ जांच प्रणाली और प्रभावी अनुश्रवण तंत्र से सशक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईओडब्ल्यू की कार्यप्रणाली एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित जांच, प्रभावी कार्रवाई और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बैठक में आर्थिक अपराधों से संबंधित लंबित जांच, विवेचनाओं, गिरफ्तारी, अभियोजन, जनजागरूकता गतिविधियों तथा संगठनात्मक सुधारों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन और अन्य आर्थिक अपराध न केवल सरकारी संसाधनों को प्रभावित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास को भी आघात पहुंचाते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में बताया गया कि संगठन द्वारा लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2०26 में 31 मई तक 155 जांच, विवेचना एवं अनुवर्ती कार्यवाहियों का निस्तारण किया जा चुका है। इसी अवधि में 71 अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों के निस्तारण में और तेजी लाई जाए तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जाए। उन्होंने सुदृढ़ पैरवी, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और साक्ष्य संकलन के माध्यम से अधिकाधिक मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि जांच, विवेचना और अनुवर्ती कार्यवाहियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए केस मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया गया है। यह प्रणाली प्रकरणों के डिजिटल प्रबंधन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा डैशबोर्ड आधारित अनुश्रवण की सुविधा प्रदान करती है।

## देश के सबसे अधिक समय तक पीएम रहने पर मोदी को योग ने दी बधाई

**लखनऊ।** देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि 145 करोड़ भारतवासियों की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के लिए सतत समर्पित, अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री को भारत के इतिहास में सबसे लंबी अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने वाले जननेता बनने पर हार्दिक बधाई। भारतीय लोकतंत्र का यह अभूतपूर्व कीर्तिमान संपूर्ण देशवासियों के विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद की सामूहिक अभिव्यक्ति है।

सीएम ने लिखा कि इतिहास में ऐसे अवसर विरले ही दिखते हैं, जब कोई नेतृत्व केवल सरकार का नहीं, बल्कि एक युग की चेतना का प्रतीक बन जाता है। यह सम्मान उसी तप, त्याग, दूर दृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा का अभिनंदन है, जिसने करोड़ों देशवासियों को विकसित भारत के सपने से जोड़ा है। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रसेवा को समर्पित आपकी यह अविराम साधना भारत की प्रगति, प्रतिष्ठा और पराक्रम की नई गाथाएं लिखती रहे। यही मंगलकामना है। गौरतलब है कि निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4399 दिन पूरा करके पीएम मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन गए हैं।

# टीएमसी के कांग्रेस में विलय की अटकलों को ऋतब्रत बनर्जी ने किया खारिज

## बोले- न तो सांसद जा रहे है न विधायक

**कोलकत्ता।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी ने टीएमसी और कांग्रेस के संभावित विलय की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि न तो टीएमसी की विधायक दल कांग्रेस में शामिल हो रही है और न ही पार्टी के सांसदों, नगर निकायों या पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच ऐसा कोई रुझान है।



ऋतब्रत बनर्जी ने कहा, अभी संख्या 64 विधायकों की है। ये लोग आएंगे और विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपेंगे। कांग्रेस और टीएमसी के विलय की अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, जहां तक हमारी विधायक दल की बात है, हम निश्चित रूप से कांग्रेस में शामिल नहीं हो रहे हैं। संसद में जो सांसद हैं, उनमें से दो-तिहाई से अधिक भी कांग्रेस में विलय नहीं हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन किसके साथ विलय कर रहा है? उन्होंने दावा किया कि उनकी जानकारी के अनुसार न तो सांसद कांग्रेस में जा रहे हैं, न विधायक, न नगर पालिका के प्रतिनिधि, न जिला परिषद के सदस्य और न ही पंचायत प्रतिनिधि। बनर्जी ने कहा, ष्जब कोई भी कहीं नहीं जा रहा है तो विलय का सवाल ही नहीं उठता। ऋतब्रत बनर्जी का यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य की राजनीति में टीएमसी और कांग्रेस के रिश्तों को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। उनके बयान को इन चर्चाओं पर विराम लगाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ऋतब्रत बनर्जी ने बताया कि वर्तमान में विधायकों की संख्या 64 है और यह बढ़ने की उम्मीद है।

वहीं, टीएमसी नेता कुणाल घोष ने सुष्मिता देव के इस्तीफे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, उन्होंने सुखेंदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव जैसे नेताओं के इस्तीफे का जिक्र करते हुए उन लोगों पर सवाल उठाए हैं जो पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने के बावजूद वर्तमान में पार्टी से अलग राय रखते हैं या पार्टी के सही रास्ते पर न होने का विश्वास करते हैं, फिर भी अपनी सांसद की सीटें पकड़े हुए हैं। घोष ने कहा, अगर सुखेंदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव, जिन्होंने ममता दीदी के उम्मीदवारों के तौर पर तृणमूल कांग्रेस के प्रतीक पर जीत हासिल की थी, इस्तीफा दे सकते हैं।

# एनडीए की बैठक में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ बुधवार को एक और कीर्तिमान जुड़ गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्र में 12 साल पूरे होने के साथ ही भारत के सबसे लंबे वक्त तक लगातार 4399 दिनों तक चुने हुए सरकार के प्रमुख के तौर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक हो रही है।

इस दौरान एनडीए के कई नेताओं ने पीएम मोदी का सम्मान किया। वहीं, पीएम मोदी की इस उपलब्धि के सम्मान में एनडीए के सभी नेताओं ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका अभिवादन किया। एनडीए की इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मशहूर झालमुड़ी का स्टॉल भी नजर आया। इस स्टॉल पर मौजूद बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम मोदी को झालमुड़ी दी।



भारत मंडपम में होनी वाली इस बैठक में शामिल होने के लिए एनडीए के तमाम नेता पहुंच चुके है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ ही अब तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जेपी नड्डा समेत तमाम केंद्रीय मंत्री पहुंच चुके हैं।

वहीं, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत समेत कई मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भारत मंडपम पहुंच चुके हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने चुने हुए पीएम के तौर पर 4,399 दिनों के कार्यकाल के साथ पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस तुलना के लिए नेहरू के 1952 के बाद के कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि देश में पहले आम चुनाव होने से पहले, 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल में पीएम मोदी का खड़े होकर अभिवादन किया गया।

भारत मंडपम में होने वाली एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के शीर्ष नेता, एनडीए शासित सभी 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, साथ ही गठबंधन की सहयोगी पार्टियों के नेताओं के शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी जाएगी। यह बैठक एनडीए सरकार के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। इसमें गठबंधन की उपलब्धियों, भविष्य की नीतिगत प्राथमिकताओं और राजनीतिक रोडमैप पर चर्चा होने की उम्मीद है। मुख्य रूप से शासन से जुड़ी पहलों, विकास कार्यक्रमों और आगामी चुनावी चुनौतियों की तैयारियों पर बातचीत हो सकती है। वहीं, इससे पहले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भारत मंडपम में एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर पार्टी द्वारा आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## परिमल नाथवानी को चुनाव आयोग की हरी झंडी, कांग्रेस की आपत्तियां खारिज

**दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव को लेकर देशभर में सियासी सरगर्मिया जारी है। इसका केंद्र मध्य प्रदेश बना हुआ है, जहां मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द हो गया। मीनाक्षी की तरफ से एक केस की जानकारी छिपाना नामांकन खारिज करने की वजह बताया गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि मीनाक्षी पर तेलंगाना में एक मामला दर्ज है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में नहीं दी। वहीं, कांग्रेस ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ एक मामले में नोटिस मिला है, जिससे उनका सीधे तौर पर लेना-देना भी नहीं है। ऐसे में उनके नामांकन को रद्द करना गलत है।

हैदराबाद की फोर्थ एडिशनल चीफमेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में कॉरपोरेटर ए. श्रीलता ने मीनाक्षी नटराजन सहित अन्य लोगों के खिलाफ एक परिवाद दायर किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शिव कुमार रेड्डी नामक व्यक्ति ने उनके साथ छेड़छाड़ की और मीनाक्षी नटराजन ने उसे संरक्षण दिया। शिकायत में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 356, 61, 45, 46, 351(2), 3(5) और 79 के तहत कार्रवाई की मांग की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पूरे मामले की शुरुआत 2०21 में ही हो गई थी। हैदराबाद (तारनाका) की एक पूर्व महिला नगर कॉर्पोरेटर, जो पहले तेदेपा में थीं और बाद में कांग्रेस में आईं, ने चतुर्थ अतिरिक्त मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में निजी याचिका दायर की थी। उस महिला नेता का मुख्य विवाद तेलंगाना के ही एक अन्य कांग्रेस नेता से था।

# इरादतनगर में ट्विस्ट! होटल में रंगे हाथ पकड़ा गया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** अभी तक आपने होटलों में जीजा के पकड़े जाने की खबरें सुनी होंगी, लेकिन इस बार इरादतनगर में कहानी पूरी पलट गई। कुर्रा मोड़ स्थित एक होटल में हाई-वोल्टेज ड्रामा हुआ, जहां इस बार जीजा नहीं बल्कि साला रंगे हाथ पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि होटल के एक कमरे में श्प्राइवेट मीटिंग चल रही थी। तभी अचानक परिवार के स्पेशल ऑडिटर यानी जीजा की एंट्री हो गई। जीजा को देखते ही होटल का सीन फिल्मी सेट में बदल गया। रूम के अंदर रोमांस चल रहा था, बाहर रिश्तों का रणक्षेत्र बन गया। हंगामा बढ़ता देख महिला पुलिस और भीड़ से बचने के लिए होटल की चौथी मंजिल पर जा छिपी। नीचे साला-जीजा आमने-सामने आ गए और जमकर ड्रामा हुआ। होटल में मेहमान कम और तमाशबीन ज्यादा जमा हो गए। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। लोग इसे जीजा समाज की बड़ी जीत बता रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि पहली बार खबर में साला पकड़ा गया है।

# ऑपरेशन मुस्कान जीआरपी आगरा की मेहनत रंग लाई



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत जीआरपी अनुभाग आगरा की टीम ने कड़ी मेहनत कर बालग्रहों में मिले 3 गुमशुदा बालकों को उनके परिजनों से मिलवा दिया। तीनों बच्चे उत्तर प्रदेश, बिहार व असम के रहने वाले थे, जिन्हें कानूनी प्रक्रिया पूरी कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

1. सहरसा बिहार का 10 वर्षीय बालक ऑपरेशन मुस्कान टीम को साथी शेल्टर होम नई दिल्ली में 10 साल का बालक मिला। पूछताछ में उसने बताया कि माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी बड़ी बहन के साथ मौसी के पास मीना बाजार, सेंट्रल दिल्ली में रहता है। मोबाइल नंबर याद न होने पर टीम ने गूगल एप से पता खोजकर मौसी का नंबर निकाला और सूचना दी। मौसी जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचीं और मा० सीडब्ल्यूसी 3 के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर बालक को अपनी सुपुर्दगी में लिया।

2. धुबरी असम का 13 वर्षीय बालकरू टीम को बाल गृह पुरानी दिल्ली में 13 साल का बालक मिला। उसने बताया कि परिवार की डांट से नाराज होकर घर से निकल आया था। बालक ने पिता का नंबर दिया, जिन्होंने बताया कि वे असम में हैं और माँ का नंबर दिया। माँ ने बताया कि बालक 26 मई 2026 को घर से निकला था। सूचना पर माँ दिल्ली पहुंचीं और मा० के आदेश पर बालक को सुपुर्दगी में लिया।

3. मुरादाबाद यूपी का 09 वर्षीय बालकरू कमला नगर दिल्ली के ओडीआरएस ओपन शेल्टर होम में मिला 09 साल का बालक मुरादाबाद का निवासी था। उसने बताया कि वह जामिया गोसिया शराफत मदरसे में पढ़ता है। मदरसे के मौलवी से संपर्क कर माताजी का नंबर लिया गया। सूचना पर माताजी पहुंचीं और मा० के आदेश के बाद बालक को सुपुर्दगी में लिया गया।

# फ्लैट की पार्किंग पर विवाद, लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना एकता पुलिस व सर्विलांस सेल नगर जोन आगरा की संयुक्त टीम ने फ्लैट की पार्किंग को लेकर वादी व उसके भाई पर जानलेवा हमला करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 03 मोबाइल फोन व ?1,040 बरामद हुए हैं। दिनांक 16.05.2026 को वादी ने थाना एकता पर सूचना दी कि उसने बुलंद सिटी सोसाइटी में रविंद्र राजपूत पुत्र विजेंद्र सिंह को फ्लैट दिलवाया था। पार्किंग को लेकर रविंद्र राजपूत, महावीर, जवाहर ने वादी को फोन पर गाली गलौज करते हुए धमकी दी। इसके बाद उक्त लोगों ने 7-8 साथियों के साथ आकर वादी व उसके भाई के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। तहरीर के आधार पर थाना एकता पर मु०अ०सं० 218/2026 धारा 191(2)/115(2)/352/351(3)/118(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस उपायुक्त नगर जोन के निर्देश पर टीम गठित की गई।

जांच में घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज से साक्ष्य जुटाए गए। दिनांक 09.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों- दुष्यन्त राजपूत व हरिभान उर्फ करुआ को रमाडा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

# जगदीशपुरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को दबोचा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल पैशन प्रो बरामद हुई है।

दिनांक 08.06.2026 को वादी द्वारा थाना जगदीशपुरा पर सूचना दी गई कि दिनांक 05.06.2026 को वह अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो से बोदला चौराहे पर देशी शराब के ठेके पर गया था। ठेके के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। तहरीर के आधार पर थाना जगदीशपुरा पर मु०अ०सं० 400/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। मोटरसाइकिल चोरी की घटना के खुलासे हेतु पुलिस टीम गठित की गई।

दिनांक 09.06.2026 को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बासन फैक्ट्री के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त रमेश कुशवाहा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल को उसने बोदला चौराहे से शराब के ठेके के पास से चोरी किया था, जिसे वह बेचने के लिए जा रहा था।

## सार-संक्षेप

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश बना विश्व गुरु



**अमर भास्कर ब्यूरों**

**सिद्धार्थनगर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल, दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के तेतरी बाजार स्थित बड़े हनुमान मंदिर (बजरंगबली मंदिर) परिसर में एक जनसंवाद एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद जगदंबिका पाल ने किया। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति तथा जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। सांसद जगदम्बिका पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों ने देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्षों के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी परिवर्तनों, विकास कार्यों तथा जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए देश के विकास में अपनी सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दीपक मौर्य जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, फतेह बहादुर सिंह जिला महामंत्री, सतीश रस्तोगी नगर मंडल अध्यक्ष, अरविंद पांडे नगर उपाध्यक्ष, एसपी अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि, संतोष जायसवाल नगर उपाध्यक्ष, धनराज यादव नगर उपाध्यक्ष, ऋषभ त्रिपाठी नगर महामंत्री, मनोज लोधी नगर महामंत्री, अमित गुप्ता नगर मंत्री, संतोष चौधरी नगर मंत्री, गायत्री मिश्रा नगर मंत्री, पंकज श्रीवास्तव नगर मीडिया प्रभारी, श्याम धनी राही विधायक कपिलवस्तु, महेश प्रसाद मनोनीत सभासद, सीमा मिश्रा, सुधा त्रिपाठी, गुंजन, राधे कृष्णा, राजा राम, ब्रह्मचारी द्विवेदी, घनश्याम राय, मनोरमा पांडे, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा-2026 के लिए आगरा पुलिस मुस्तैद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** उ०प्र० नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती-2026 परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी, शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट आगरा पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है। मंगलवार को पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त सचिंद्र पटेल द्वारा त.ठै.. कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी व कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। अपर पुलिस आयुक्त ने परीक्षा को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही संदिग्ध गतिविधि या अवांछनीय तत्वों पर तत्काल सख्त वैधानिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। उ०प्र० नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती-2026 की परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून को आयोजित की जा रही है। परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवांछित गतिविधि पाए जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सिपाही ने झोलाछाप पर लगाया यौन शोषण और पिटाई का आरोप

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के एक थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने दूसरे समुदाय के झोलाछाप पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण और पिटाई करने का आरोप लगाकर शिकायत की। इसे लेकर दिन भर चली पंचायत के बाद मंगलवार शाम दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। महिला सिपाही अवकाश लेकर चली गई है। मामले में कार्रवाई हो सकती है। बताते हैं कि महिला सिपाही डेढ़ साल से थाने में तैनात है। वह थाने के पास ही किराये के मकान में रहती है। करीब सात महीने पहले वह बीमार होने पर मोहल्ले के ही एक युवक के पास गई थी, जो देशी दवाओं से उपचार का दावा करता है। दोनों में जान-पहचान बढ़ी और प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। दोनों के बीच अंतरंग संबंध भी बन गए।

महिला सिपाही पहले शादीशुदा थी। उसकी चार साल की बेटी भी है। पति से मतभेद के कारण कुछ समय पहले ही उसका तलाक हुआ था। वह बेटी के साथ रह रही है। बताते हैं कि तलाक के बाद वह प्रेमी पर शादी का दबाव बना रही थी जिसके लिए वह तैयार नहीं था। सोमवार रात दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी झोलाछाप मौके से भाग गया। पुलिस ने उसकी तलाश में दबिश भी दी। महिला आरक्षी ने थाने में तहरीर देने के साथ ही उसे एक्स पर भी साझा किया, हालांकि बाद में हटा लिया गया। तहरीर में उसने झोलाछाप पर कई बार यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया। कहा कि शादी की बात करने पर आरोपी उसे पीटता और रकम ऐंठता था। मंगलवार देर शाम दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। मोहल्लेवासियों के अनुसार समझौते के बाद दोनों एक बाइक पर सवार होकर कहीं चले गए।

# बरेली में स्कूल संचालक से 49 लाख रुपये की ठगी




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में शेयर बाजार में निवेश कराने के नाम पर स्कूल संचालक से 49 लाख 43,898 रुपये की साइबर ठगी कर ली गई। तत्परता से शिकायत पर 30 लाख रुपये पुलिस ने होल्ड करा दिए हैं। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलरूप से शाहजहांपुर के रहने वाले आलोक दुबे ने बताया कि वह आशीष रॉयल पार्क में परिवार के साथ रहते हैं। वह साझेदारी में निजी स्कूल का संचालन करते हैं। उन्होंने साइबर थाना प्रभारी धनंजय पांडेय को बताया कि 16 जनवरी को अंश कुमार नाम बताकर किसी ने उन्हें कॉल की थी। उसने शेयर बाजार में निवेश करने पर मुनाफा होने का झांसा दिया। अंश कुमार ने व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर एसएमसी ब्रोकिंग नाम की एक एप्लीकेशन डाउनलोड कराया। केवाईसी करवाकर उस एप पर उनका खाता खुलवा दिया। आलोक से निवेश के नाम पर रकम ट्रांसफर कराई जाती रही। जब आलोक ने रुपये मांगे तो कहा कि 26 अप्रैल तक जमा किए गए रुपये फ्रीज हो गए हैं। सके बाद डाउनलोड कराया गया एप भी बंद हो गया। इसके बाद साइबर ठगों ने स्टार इन्वेस्टमेंट नाम का एप डाउनलोड कराया। इस पर निवेश की गई रकम दिख रही थी लेकिन वह उसे निकाल नहीं पा रहे थे।

अंश ने कमीशन और जीएसटी के नाम पर भी आलोक से रुपये ऐंठ लिए। अब अंश ने उनसे संपर्क करना बंद कर दिया तो उसके बदले अमन तिवारी नाम बताकर कोई बात करने लगा। अमन ने उसे बताया कि एक महीने में उनके रुपये ब्याज समेत मिल जाएंगे, लेकिन कोई रुपया नहीं मिला। 26 जनवरी से 26 अप्रैल के बीच साइबर ठगों ने आलोक से 49,43,898 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि आलोक दुबे ने ठगी का अहसास होने पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके और साइबर थाने आकर शिकायत कर दी। इस तत्परता का फायदा ये हुआ कि उनकी 30 लाख रुपये की रकम पुलिस ने संबंधित खातों में ही होल्ड करवा दी। अब विधिक कार्रवाई चल रही है, उसके बाद 30 लाख रुपये तो पीड़ित को वापस करवा दिए जाएंगे।

# इफको द्वारा खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम आयोजन





**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** इफको द्वारा खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत आगरा क्षेत्र के बिक्री केंद्र प्रभारियों, कृषि आदान विक्रेताओं एवं रिटेलर्स के लिए एक दिवसीय केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन यूथ हॉस्टल, संजय प्लेस, आगरा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र प्रभारियों को आधुनिक कृषि तकनीकों, संतुलित पोषण प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा इफ्को के नवीन कृषि उत्पादों के वैज्ञानिक उपयोग के संबंध में प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इफको आगरा के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. प्रह्लाद सिंह ने कहा कि ष्खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण व टिकाऊ कृषि के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक तकनीक से उर्वरकों की उपयोग दक्षता बढ़ने के साथ उत्पादन लागत में कमी और उत्पादकता में वृद्धि संभव हो रही है। मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक श्री मुकेश कुमार ने कहा कि भूमि की उर्वरा शक्ति व मृदा स्वास्थ्य बनाए रखना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी श्री विनोद कुमार ने मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर जानकारी दी।प्रशिक्षण में इफको के उप प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार सागर व कृषि विशेषज्ञों ने नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, नैनो एनपीके, सागरिका एवं धरामृत की जानकारी दी। बताया गया कि नैनो यूरिया प्लस नाइट्रोजन की प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित करता है, नैनो डीएपी जड़ विकास को बढ़ाता है, वहीं सागरिका समुद्री शैवाल आधारित जैविक उत्पाद है जो पुष्पन व फलन बढ़ाता है।

धरामृत मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ाकर जैविक उर्वरता सुदृढ़ करता है।विशेषज्ञों ने बताया कि नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों का संतुलित उपयोग उत्पादन बढ़ाने के साथ मृदा स्वास्थ्य संरक्षण व पर्यावरणीय संतुलन में सहायक है।

# शमशाबाद में कूड़े के ढेर में लगी आग बेकाबू



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में आगरा रोड बड़गांव के पास मंगलवार को सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास खड़े कई हरे पेड़ उसकी चपेट में आ गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि सड़क किनारे खड़े एक टेंपो में रखी पानी की टंकियां भी जलकर खाक हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे साफ-सफाई का काम चल रहा था। आशंका है कि सफाई कर्मी द्वारा कूड़े में आग लगाई गई, जो बाद में बेकाबू हो गई। सूचना मिलते ही थाना शमशाबाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन आग से काफी नुकसान हुआ है।

# बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के: राजीव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, प्रेरणादायी और परिवर्तनकारी रहे हैं। यह कालखंड केवल शासन संचालन का नहीं, बल्कि जनसेवा, विकास, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के नए प्रतिमान स्थापित करने का भी रहा है। देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध किया है कि दृढ़ संकल्प, स्पष्ट नीयत और जनहित के प्रति समर्पण से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे शासन अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बना। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण व्यवस्था ने सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का कार्य किया, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा।

बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के केवल एक नारा नहीं, बल्कि बीते एक दशक से अधिक समय में हुए व्यापक परिवर्तन की सशक्त अभिव्यक्ति है। आर्थिक



क्षेत्र में वस्तु एवं सेवा कर लागू कर पूरे देश को एकीकृत कर व्यवस्था प्रदान की गई। आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से देश को उत्पादन, नवाचार और स्वदेशीकरण की दिशा में आगे बढ़ाया गया। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उपकरणों के निर्माण को प्रोत्साहन मिला, जिससे भारत की सामरिक क्षमता और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हुई। वहीं एक्सप्रेस-वे, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और आधुनिक आधारभूत संरचना के निर्माण ने देश के विकास को नई गति प्रदान की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव को भी नई मजबूती मिली। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हो या अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना, ये निर्णय राष्ट्र की भावनाओं और आकांक्षाओं को साकार करने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध हुए हैं।

गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत अभियान तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे प्रयासों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य किया है। महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर लिए गए निर्णयों ने देश की आधी आबादी को नई ऊर्जा और अवसर प्रदान किए हैं।

वैश्विक स्तर पर भी भारत की प्रतिष्ठा अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। आज विश्व के प्रमुख मंचों पर भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैश्विक कूटनीति में सक्रिय भूमिका और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर भारत के प्रभावी नेतृत्व ने देश को विश्व समुदाय में एक मजबूत और विश्वसनीय शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने केंद्र



व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त निगरानी के चलते जनपद में भर्ती परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## सार-संक्षेप

### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं से शिक्षा एवं कौशल विकास को मिला बढ़ावा

**बदायूं।** प्रदेश में मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी समुदाय के शैक्षिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से स्थापित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहा है। विभाग का लक्ष्य अल्पसंख्यक समुदाय के पिछड़ेपन को दूर कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। जनपद बदायूँ में अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी लगभग 23.95 प्रतिशत है, जिसके दृष्टिगत विभाग द्वारा अनेक विकासपरक परियोजनाएं संचालित की गई हैं। पीएमजेवीके (पूर्ववर्ती एमएसडीपी) योजना के अंतर्गत राज्य एवं केन्द्र सरकार के सहयोग से जनपद में महत्वपूर्ण शैक्षिक एवं तकनीकी संस्थानों का निर्माण कराया गया। वित्तीय वर्ष 2018-19 में राजकीय पॉलीटेक्निक सहसवान पर 1230.00 लाख रुपये, आईटीआई बिसौली पर 497.84 लाख रुपये तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नसीरपुर टप्पा मलसई पर 315.00 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य पूर्ण कराकर उन्हें कियाशील कराया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद के 13 प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों में 39.624 लाख रुपये की लागत से 26 स्मार्ट क्लास स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त आईटीआई रमज़ानपुर (502.77 लाख रुपये), आईटीआई जौनेरा/नदायल (505.53 लाख रुपये) तथा राजकीय पॉलिटेक्निक बदायूँ में दो टाइप-4 आवास एवं लैक्चर हॉल (283.54 लाख रुपये) का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर संस्थानों को हस्तगत एवं कियाशील कराया गया।

### 11 जून को होगी अटेना पुख्ता गंगाघाट में बाढ़ आपदा प्रबंधन की मॉक एक्सरसाइज आयोजित

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में बाढ़ से निपटने की तैयारियों का आकलन करने हेतु 11 जून 2026 को ग्राम अटेना पुख्ता गंगाघाट, तहसील दातागंज में मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक संचालित होगा। मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से राहत एवं बचाव कार्यों, आपातकालीन प्रतिक्रिया तथा विभिन्न विभागों के समन्वय का परीक्षण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को विभागीय टीम, उपकरण एवं वाहनों सहित समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

### ग्राम पंचायत मतदाता सूची निरीक्षण हेतु उपलब्ध

**बदायूं।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील- सदर, बिल्सी, सहसवान, बिसौली एवं दातागंज के अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायत के समस्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आलेख्य में संशोधन कर उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली गई है और यह नामावली प्रकाशित कर दी गई है और नामावली की एक प्रति उनके कार्यालय/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय में 10 जून 2026 से निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

### बिसौली में एसबीआई आधुनिक कृषि ग्राहक सम्मेलन

**बिसौली।** भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा द्वारा 'एसबीआई आधुनिक कृषि ग्राहक सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारी संख्या में कृषि ग्राहकों एवं कृषक उद्यमियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार सुरेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने किया। इस दौरान तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने किसानों को सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं के साथ फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रक्षेत्र अधीक्षक कृषि विभाग अनिल कुमार ने आधुनिक कृषि तकनीक और नए उपकरणों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का आयोजन बैंक की थीम कस्टमर फर्स्ट बी दा बैंक ऑफचॉइस तथा ष्कृषि से समृद्धिष् के उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए किया गया। जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादकता एवं आय वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर नियमित रूप से केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) नवीनीकरण कराने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। बैंक के ऋण अधिकारी मोहम्मद वसीम अकरम ने किसानों को बैंक की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अवसंरचना एवं कृषि विकास संबंधी वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं प्रबंधक एस.एम.ई. राहुल सिंह ने कृषि उद्यमियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित विभिन्न नवाचार आधारित योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने एवं उनका विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में किसानों, कृषि उद्यमियों एवं बैंक अधिकारियों के बीच संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर भी चर्चा की गई। अंत में बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा ने सभी किसानों, अतिथियों एवं बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# बदायूं पुलिस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनेगीं शिकायतें

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं सुश्री अंकिता शर्मा ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसके तहत 11 जून 2026 से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 01:00 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस व्यवस्था के अंतर्गत जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी निर्धारित समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे और आमजन द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करेंगे। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक



शिकायतों का निस्तारण संबंधित थाना स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, विवेचनाओं की प्रगति, लंबित प्रार्थना-पत्रों तथा अन्य पुलिस संबंधी मामलों की भी समीक्षा की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा उनके अनुपालन की नियमित निगरानी भी की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने जनसामान्य से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने संबंधित थाने पर उपस्थित होकर थाना प्रभारी के माध्यम से अपनी शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज कराएं, ताकि उनका शीघ्र और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# मनौना धाम में होगा भव्य श्याम कीर्तन, सजेगा बाबा श्याम का दरबार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**आंवला।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री श्याम मंदिर मनौना धाम में 11 जून, गुरुवार को भव्य श्याम संकीर्तन एवं बाबा श्याम के दरबार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन महंत श्री ओमेन्द्र महाराज के सानिध्य में मंदिर परिसर में सायं 7 बजे से प्रारंभ होगा।

आयोजन में राजस्थान एवं दिल्ली से आए प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा बाबा श्याम के भजनों की रसधारा प्रवाहित की जाएगी। भजन गायक राजकुमार जागिड़, राजेश सैनी, मदनलाल पंजाबी (राजस्थान) तथा



सोनम मित्तल एवं समृद्धि शर्मा (दिल्ली) अपने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति में सराबोर करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य महंत श्री ओमेन्द्र महाराज द्वारा बाबा श्याम के पूजन-अर्चन के साथ किया जाएगा। इसके उपरांत पूरी रात्रि श्याम भक्त भजनों एवं संकीर्तन का आनंद लेंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। वहीं मनौना धाम में स्वच्छता को विशेष महत्व दिया जा रहा है। प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को मंदिर के सेवादारों, दुकानदारों एवं श्याम भक्तों द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास के मार्गों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है। नियमित स्वच्छता अभियान के चलते मंदिर परिसर स्वच्छ एवं आकर्षक बना हुआ है, जिसकी श्रद्धालु भी सराहना कर रहे हैं।

# बदायूं के दो और समाजसेवियों ने लिया मरणोपरांत देहदान का संकल्प




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** देहदानी स्वर्गीय डा. विष्णु प्रकाश मिश्रा द्वारा स्थापित शौर्य संस्थान के निर्देशन में जिले के दो समाजसेवियों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर देहदान की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर शौर्य संस्थान की अध्यक्ष एवं शेरनी संस्था की प्रमुख डा. लता मिश्रा ने दोनों देहदानियों को प्रमाणपत्र एवं पहचान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मधुबन कॉलोनी निवासी रामनिवास तथा जवाहर कॉलोनी निवासी रामनिवास शर्मा ने देहदान की प्रक्रिया पूर्ण कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। डायट प्रवक्ता श्रीकांत मिश्रा ने उपस्थित लोगों को देहदान की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय डा. विष्णु प्रकाश मिश्रा ने समाज में देहदान के प्रति जो जागरूकता पैदा की थी, शौर्य संस्थान उसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए लोगों को देहदान के लिए प्रेरित कर रहा है। संस्थान के सचिव कैप्टन गौरव मिश्रा ने भी देहदानियों को सम्मानित करते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि देहदान चिकित्सा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता है और इससे समाज को नई दिशा मिलती है। डा. लता मिश्रा ने बताया कि वह स्वयं भी देहदान का संकल्प ले चुकी हैं और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही हैं। इस अवसर पर प्रमोद कुमार शंखधर, उर्मिला शंखधार, रमा मिश्रा, मनीषा मिश्रा सहित संस्थान के सदस्य आदि मौजूद रहे।

### 133 स्काउट गाइड और यूनिट लीडर हुए सम्मानित

**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शीतलाखेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में चल रहे नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप और एडवेंचर कैंप में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने वाले स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना, ध्वज अवतरण और राष्ट्रगान के साथ समापन हो हुआ।नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप और एडवेंचर कैंप भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था द्वारा लगाया।

# अंबेडकर छात्रावास नलकूप को शहरी फीडर से जोड़ने का कार्य शुरू

**बदायूं।** शहर में पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अंबेडकर छात्रावास स्थित नलकूप को शहरी फीडर से जोड़ने की दिशा में विद्युत विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। इसके तहत पोल लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया है और जल्द ही बिजली लाइन बिछाकर नलकूप को शहरी फीडर से जोड़ दिया जाएगा।

अंबेडकर छात्रावास स्थित नलकूप से लोचीनगला, कल्याण नगर, नई सराय, जवाहरपुरी, मधुवन कॉलोनी, 32 सिविल लाइन, नगला मंदिर रोड समेत शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। लंबे समय से इस नलकूप की विद्युत आपूर्ति ग्रामीण फीडर से होने के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। पर्याप्त बिजली न मिलने से पानी की टंकी समय पर नहीं भर पाती थी, जिसके चलते लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद के संभासद मोहित सक्सेना, मुकेश साहू, रफीक उद्दीन शेख (छोटा) सभासद पति आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, जांच शुरू

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**म्याऊं।** थाना अलापुर क्षेत्र की म्याऊं चौकी पुलिस ने मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर कब्जे में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार चौकी पुलिस किसी कार्य से क्षेत्र में जा रही थी। इसी दौरान मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी, जिससे रास्ते में मिट्टी भी गिरने लगी। संदेह होने पर पुलिस ने



पीछा कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया और थाने ले आई। पुलिस वाहन से संबंधित दस्तावेजों एवं मिट्टी के परिवहन की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कुछ लोग मामले में एक मीडियाकर्मी की भूमिका होने की चर्चा कर रहे हैं। हालांकि पुलिस अथवा प्रशासन की ओर से इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लोगों ने अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने बदायूं के मंदिरों में की पूजा-अर्चना

# पीएम मोदी का कीर्तिमान 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास का प्रतीक: गुप्ता

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने एवं सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने जनपद विभिन्न मंदिर में दर्शन-पूजन किया एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व सतत यशस्वी नेतृत्व के लिए प्रार्थना की।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने दातागंज स्थित अस्थल मढ़ी मंदिर, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने बदायूँ नगर स्थित बिरुआ बाड़ी मंदिर, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने दातागंज स्थित अस्थल मढ़ी मंदिर, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने उझानी स्थित शिव मंदिर, बिसौली पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने नगर पंचायत मुड़िया धुरेकी



स्थित माता राय सती देवी मंदिर, शेखूपुर पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कादरचौक स्थित ककोड़ा देवी मंदिर ने पार्टी कार्यकर्ताओं

दर्शन-पूजन किया एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व सतत यशस्वी नेतृत्व के लिए प्रार्थना की। तथा स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई कर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण के नए मानक स्थापित किए हैं। देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का यह कीर्तिमान 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास और उनके प्रति अटूट समर्थन का प्रतीक है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उनका नेतृत्व देश को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। आज भारत आर्थिक, सामरिक, तकनीकी और सांस्कृतिक दृष्टि से निरंतर प्रगति कर रहा है। यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि देशवासियों के विश्वास और लोकतंत्र की शक्ति की विजय है।

दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शासन को संवेदनशील, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाया है। गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनके समर्पित नेतृत्व का प्रमाण है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर उतारकर विकास को जन-जन तक पहुंचाया है। उनके नेतृत्व में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है। यही कारण है कि देश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, नवाचार और राष्ट्र गौरव के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और मजबूत होती अर्थव्यवस्था उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उनका कार्यकाल राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम युग के रूप में याद किया जाएगा।

पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुरक्षा, सुशासन और आत्मविश्वास के नए आयाम स्थापित किए हैं। देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का यह गौरवशाली क्षण प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। इस अवसर ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत, चौयरमैन कछला जगदीश लोनिया, जोगेंद्र सिंह पटेल, सीमा राठौर, सर्वेश कश्यप, अजय तोमर, पीयूष माहेश्वरी, मोहित तोमर, वैभव शर्मा, दिनेश राजपूत, अजय मथुरिया, दर्पण गुप्ता, रचित गुप्ता, अवढर शर्मा, सुभाष गौड़, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# अदालत में रसूख का खेल, अमीर को बेल गरीब को जेल



भारतीय न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर आम आदमी के मन में हमेशा से एक गहरी उलझन रही है। कानून की किताबों में लिखा है कि न्याय की देवी की आँखों पर पट्टी बंधी होती है, यानी वह अमीर-गरीब, बड़े-छोटे, मशहूर-गुमनाम सबको एक तराजू पर तौलती है। लेकिन जमीनी हकीकत अक्सर इस आदर्श की धज्जियां उड़ाती नजर आती है। जब कोई आरोपी समाज में लोकप्रिय हो, उसके पीछे लाखों अनुयायियों की भावनाएँ जुड़ी हों और उसकी जेब में महंगे वकीलों की फौज खड़ी करने की ताकत हो, तो अदालत का रुख भी कई बार उस सामान्य आरोपी से एकदम अलग दिखाई देता है, जो न तो मशहूर है और न जिसके पास साधन हैं। पटना में 2 जून की घटना ने इस पूरे सवाल को एक बार फिर ताजा कर दिया, जब कदमकुआं थाना क्षेत्र में स्थित ज्ञान बिंदु जी.एस. एकेडमी और खान सर के कोचिंग संस्थान के बीच विवाद हुआ, मारपीट हुई और फायरिंग भी हुई। इस पूरे मामले में पटना जिला न्यायालय ने चर्चित शिक्षाविद और लाखों छात्रों के बीच लोकप्रिय शिक्षक खान सर की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी। खान सर की ओर से उनके वकील अरविंद मउआर ने पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगाने का आदेश दिया। दूसरी ओर, उसी मामले में एक बिल्कुल अलग तस्वीर सामने आई। ज्ञान बिंदु एकेडमी के निदेशक रौशन आनंद की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी और वे फिलहाल जेल में बंद हैं। इसी मामले में जेल में बंद खान सर के दो सुरक्षा गार्ड दीपक कुमार और तालेबर सिंह की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई और उनका मामला अभी लटका हुआ है। यानी जो लोग कह रहे थे कि उन्होंने खान सर के कहने पर हवा में गोली चलाई, वे जेल की सलाखों के पीछे हैं और जो व्यक्ति उन पर आरोप लगा रहे थे, वह न्यायालय से संरक्षण पाकर आजाद घूम रहे हैं। यह विरोधाभास सिर्फइस एक मामले तक सीमित नहीं है। भारतीय न्यायिक इतिहास में ऐसे अनेक प्रकरण दर्ज हैं, जहाँ आरोपी की सामाजिक हैसियत, उसकी लोकप्रियता या उसकी आर्थिक ताकत ने न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया। वर्ष 2002 में सलमान खान पर काले हिरण के शिकार का मामला चला। दशकों तक चले इस मुकदमे में राजस्थान की निचली अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया, लेकिन उच्च न्यायालय ने उसे पलट दिया। इस पूरे दौर में यह बात किसी से छुपी नहीं थी कि एक मशहूर अभिनेता को कोई साधारण व्यक्ति जैसी परेशानी नहीं उठानी पड़ी। जमानत तत्काल मिली, सुनवाई टलती रही और आखिरकार वे बरी हो गए। इसी तरह संजय दत्त के हथियार मामले में भी कई दशकों तक न्यायिक प्रक्रिया चली। जेल में समय बिताया जरूर, लेकिन हर मोड़ पर कानूनी राहत मिलती रही। राजनीतिक रसूख वाले आरोपियों का किस्सा तो और भी लंबा है। लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में दोषी ठहराए गए, किंतु उनकी बीमारी और अन्य आधारों पर बार-बार जमानत मिलती रही। जगन मोहन रेड्डी पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तारी हुई, लेकिन उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई और बाद में वे मुख्यमंत्री बन गए। इन सब में एक धागा, जो एक-सा नजर आता है, वह है बड़े और दिग्गज वकीलों की भूमिका।

**लेखक: अजय कुमार**

# राष्ट्र के उत्सव में मोहन भागवत ने आत्ममंथन का दीप जलाया

राजनीति में ऐसे क्षण विरले आते हैं, जब कोई वाक्य भाषण की सीमा लांघकर राष्ट्रीय विमर्श का दर्पण बन जाता है। दावों की ऊंचाई और हकीकत की जमीन के बीच खड़े भारत को नागपुर से एक सीधा संदेश मिला। रेशीमबाग में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हमारी तैयारी अभी अधूरी है, यही हमें विश्वगुरु बनने से रोक रहा है'। यह कथन इसलिए महत्वपूर्ण नहीं कि इसे संघ प्रमुख ने कहा, बल्कि इसलिए कि यह उस दौर में आया है जब उपलब्धियों का उत्सव अक्सर आत्ममंथन की आवश्यकता को ढंक देता है। राष्ट्रों का उत्थान जयघोषों से नहीं, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें दूर करने की क्षमता से होता है। भागवत ने दरअसल उस असुविधाजनक प्रश्न को सामने रख दिया, जिससे बचने की आदत राजनीति को भी है और समाज को भी क्या हम वास्तव में उतने तैयार हैं, जितना हमारा दावा है? भारत आज केवल एक देश नहीं, बल्कि वैश्विक अपेक्षाओं का केंद्र बनता जा रहा है। पश्चिम आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, पश्चिम एशिया अस्थिरता की चपेट में है और वैश्विक व्यवस्था नए संतुलन की तलाश में भटक रही है। ऐसे दौर में भारत की सभ्यतागत चेतना, लोकतांत्रिक परंपरा और सांस्कृतिक विस्तार उसे अलग पहचान देते हैं। दुनिया भारतीय दृष्टि को सुनने को तैयार है, लेकिन वैश्विक मंच पर सम्मान केवल विचारों से नहीं, सामर्थ्य से मिलता है। इतिहास गवाह है कि नैतिक नेतृत्व उसी का स्वीकार किया जाता है, जिसके पास आर्थिक ताकत, तकनीकी श्रेष्ठता और मजबूत संस्थाएं हों। भागवत का संकेत स्पष्ट थाकृविश्वगुरु का स्थान घोषणा से नहीं, योग्यता और तैयारी से हासिल होता है। भारत की उपलब्धियां जितनी बड़ी हैं, उतने ही बड़े उसके सामने खड़े कुछ अनुत्तरित प्रश्न भी हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर डिजिटल परिवर्तन, वैश्विक कूटनीति से लेकर आधारभूत विकास तक देश ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इसके बावजूद गुणवत्तापूर्ण रोजगार, उत्कृष्ट शिक्षा, शोध की संस्कृति, न्यायिक दक्षता और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्र अभी और सुदृढ़ीकरण की मांग करते हैं। किसी राष्ट्र की परिपक्वता केवल उसकी सफलताओं से नहीं, बल्कि अपनी कमियों को देखने की क्षमता से भी मापी जाती है। आत्मप्रशंसा प्रगति को धीमा करती है, जबकि आत्ममूल्यांकन उसे नई दिशा देता है। हमारे सार्वजनिक जीवन की विडंबना यह है कि गंभीर विमर्श भी जल्द ही राजनीतिक संघर्ष का औजार बन जाता है। भागवत के वक्तव्य के साथ भी यही हुआ। विपक्ष ने इसे सत्ता पर परोक्ष प्रश्नचिह्न बताया, तो समर्थकों ने इसे विकास की गति बढ़ाने का संदेश माना। दोनों पक्षों के अपने तर्क हैं, लेकिन इस शोर में मूल मुद्दा ओझल हो गया। विश्वगुरु बनने का लक्ष्य न किसी एक सरकार का एजेंडा है, न किसी दल की उपलब्धि। यह पीढ़ियों के पुरुषार्थ, मजबूत संस्थाओं और समाज की सामूहिक चेतना से साकार होने वाली लंबी राष्ट्रीय यात्रा है। इसे राजनीतिक लाभ-हानि की संकीर्ण कसौटी पर नहीं परखा जा सकता। भारत की असली कमी पूंजी या प्रतिभा की नहीं, राष्ट्रीय दृष्टि और अनुशासन की है। देश के पास विशाल युवा आधार, बड़ा बाजार, कुशल मानव संसाधन और ऐतिहासिक अवसर मौजूद हैं। चुनौती इन्हें संगठित राष्ट्रीय शक्ति में बदलने की है। विश्वविद्यालयों को ज्ञान-सृजन का केंद्र बनना होगा, उद्योगों को नवाचार का, राजनीति को दीर्घदृष्टि का और समाज को सहअस्तित्व का। यदि सामाजिक ध्रुवीकरण गहराता रहा, शिक्षा औसत स्तर पर अटकी रही और शोध उधार के विचारों पर टिका रहा, तो केवल ऊंची विकास दर भी भारत को वह वैश्विक प्रतिष्ठा नहीं दिला सकेगी जिसकी कल्पना की जाती है। विश्वगुरु होने का अर्थ उपदेश देना नहीं, बल्कि ऐसा राष्ट्रीय आचरण गढ़ना है जिसे दुनिया उदाहरण मानकर अपनाना चाहे। भागवत के वक्तव्य का सबसे महत्वपूर्ण संदेश आत्मसंतोष के खतरे को लेकर है। इतिहास बताता है कि सभ्यताओं को बाहरी चुनौतियों से अधिक नुकसान भीतर पनपी आत्ममुग्धता पहुंचाती है। जिस क्षण कोई समाज स्वयं को पूर्ण और निर्विवाद मान लेता है, उसी क्षण उसकी प्रगति की गति मंद पड़ने लगती है। भारत के लिए यह आत्मप्रशंसा नहीं, आत्मसंस्कार का समय है। यह मान लेना कि अभी कई मंजिलें बाकी हैं, कमजोरी नहीं बल्कि परिपक्वता का प्रमाण है। अपनी कमियों को पहचानने वाले राष्ट्र उन्हें दूर करने का मार्ग भी खोज लेते हैं, जबकि उन्हें नजरअंदाज करने वाले अंततः उन्हीं सीमाओं में घिर जाते हैं। संघ प्रमुख के बयान का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इसमें उपलब्धियों पर प्रश्न नहीं, उन्हें टिकाऊ बनाने की चिंता दिखाई देती है। यह निराशा नहीं, दूरदृष्टि का स्वर है। यदि भारत वैश्विक व्यवस्था में प्रभावी नेतृत्व की आकांक्षा रखता है, तो उसे केवल आर्थिक शक्ति तक सीमित नहीं रहना होगाय ज्ञान, नवाचार और सामाजिक भरोसे में भी अग्रणी बनना पड़ेगा। विश्व नेतृत्व का आधार सामर्थ्य से बनता है, लेकिन उसकी स्वीकार्यता नैतिक विश्वसनीयता से तय होती है। भारत के पास दोनों हासिल करने की क्षमता है, शर्त केवल इतनी है कि वह दावों और धरातल के बीच मौजूद अंतर को ईमानदारी से पहचाने। इतिहास हर राष्ट्र को अवसर देता है, लेकिन नेतृत्व का अधिकार वही राष्ट्र अर्जित करते हैं जो अपनी आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने का सामर्थ्य रखते हैं। भागवत का वक्तव्य इसी सत्य की याद दिलाता है। भारत के पास गौरवशाली विरासत, व्यापक संभावनाएं और अपार शक्ति है।



**लेखक:आरके जैन अरिजीत**

# महिला विश्व कप में चलेगा इन गेंदबाजों का जादू

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड का सामना श्रीलंका से होगा। क्रिकेट के इस महाकुंभ में दुनिया की कई स्टार गेंदबाजों पर नजरें रहेंगी, जो अपने दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखती हैं। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड सीमित ओवरों के क्रिकेट में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर रही हैं। पिछले टी20 विश्व कप में उन्होंने 15 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट हासिल किए थे। 26 वर्षीय सदरलैंड 85 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 53 विकेट अपने नाम कर चुकी हैं। उनकी खासियत यह है कि वह गेंद के




साथ-साथ बल्ले से भी उपयोगी योगदान देने में सक्षम हैं। इंग्लैंड की ऑफस्पिनर चार्ली डीन अपनी सटीक लाइन-लेंथ और किफायती गेंदबाजी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 67 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 6.90 रहा है। डीन बीच के ओवरों में रन गति पर लगाम लगाने और अहम मौकों पर विकेट निकालने की क्षमता रखती हैं। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा बड़े मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मशहूर हैं। अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में वह 144 मैचों में 64 विकेट हासिल कर चुकी हैं। दीप्ति मध्य ओवरों में साझेदारी तोड़ने में माहिर हैं और अपनी चतुर गेंदबाजी से मैच का पासा पलट सकती हैं। इसके अलावा वह बल्लेबाजी में भी टीम को मजबूती प्रदान करती हैं। न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर इस विश्व कप की सबसे अहम खिलाड़ियों में शामिल होंगी। उनका हालिया प्रदर्शन गेंद और बल्ले दोनों से शानदार रहा है। इस साल खेले गए 11 मुकाबलों में उन्होंने 6.02 की इकोनॉमी से 11 विकेट लिए हैं। उनकी लेग स्पिन विपक्षी बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।न्यास से वापसी करने वाली दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल पर भी सभी की नजरें रहेंगी। अपनी तेज रफ्तार और स्विंग गेंदबाजी के दम पर वह शुरुआती ओवरों में बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए जानी जाती हैं। इंग्लैंड की परिस्थितियां उनकी गेंदबाजी शैली के अनुकूल मानी जाती हैं, जिससे वह विपक्षी टीमों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं।

महिला टी2विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में गेंदबाजों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। एनाबेल सदरलैंड की रफ्तार, चार्ली डीन और दीप्ति शर्मा की स्पिन, अमेलिया केर की ऑलराउंड क्षमता और शबनम इस्माइल की तेज गेंदबाजी अपनी-अपनी टीमों की सफलता में निर्णायक साबित हो सकती है। ऐसे में टूर्नामेंट के दौरान इन पांच गेंदबाजों के प्रदर्शन पर क्रिकेट प्रेमियों की खास नजर रहेगी।

## गाजियाबाद विविध

# नेहरू का रिकॉर्ड पीछे छोड़ मोदी ने रचा नया इतिहास

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद के नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 4399 दिनों का सफल कार्यकाल पूर्ण कर भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। प्रदीप चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अथक परिश्रम, दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्र प्रथम की भावना एवं जनकल्याणकारी नीतियों के बल पर देशवासियों के हृदय में एक स्वच्छ छवि वाले राष्ट्रभक्त प्रधानमंत्री के रूप में विशिष्ट स्थान बनाया है। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लंबे कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते



हुए भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। भाजपा का ष12 साल बेमिसाल अभियान इन ऐतिहासिक उपलब्धियों, जनसेवा के संकल्प और राष्ट्र निर्माण की दिशा में किए गए कार्यों का जीवंत प्रमाण है। प्रदीप चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। उनके नेतृत्व में देश ने विकास और विश्वास की नई ऊंचाइयों को छुआ है तथा करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल राष्ट्रसेवा की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारत विकसित भारत-2047 के संकल्प को अवश्य साकार करेगा।

# 20 करोड़ से संवरेगी जीडीए की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ स्थित जीडीए की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जल्द नए रूप में नजर आएगी। कॉलोनी की बुनियादी सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए जीडीए करीब 20 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके तहत नई सड़कों का निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की मरम्मत, नालियों का निर्माण और सुधार कार्य कराए जाएंगे।कॉलोनी में लंबे समय से सड़कें जर्जर और जल निकासी व्यवस्था कमजोर होने की शिकायतें मिल रही थीं। बारिश में कई जगह जलभराव हो जाता है, जिससे निवासियों को परेशानी होती है। इन समस्याओं को देखते हुए जीडीए ने व्यापक विकास योजना बनाई है और टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं और कागजी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य एजेंसी का चयन होगा और विकास कार्य तेज होंगे। अगले एक सप्ताह में टेंडर और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है, जिसके बाद मौके पर काम शुरू कर दिया जाएगा। कार्यों के पूरा होने से सड़क व्यवस्था सुधरेगी, गड्ढों से राहत मिलेगी और जलभराव की समस्या कम होगी।विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि निवासियों को लंबे समय तक लाभ मिले। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

# गाजियाबाद के शिवा ढाबे के मालिक हरेंद्र यादव पर 2.55 करोड़ की धोखाधड़ी का मुकदमा

**गाजियाबाद ।** जनपद के मशहूर शिवा ढाबा के मालिक हरेंद्र यादव उर्फ मामा यादव और उनकी पत्नी संतोष करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में फंस गए हैं। मधुबन बापूधाम थाने में उनके खिलाफ जालसाजी और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद हुई है। शिकायतकर्ता नगेन्द्र चौधरी उर्फनीरज चौधरी का आरोप है कि दोनों ने होटल परियोजना में निवेश के नाम पर उनसे करीब 2.55 करोड़ रुपये लिए और बाद में उन्हें उनकी हिस्सेदारी से वंचित कड़ दिया ।एफआईआर के मुताबिक, वर्ष 2023 में नगेन्द्र चौधरी ने हरेंद्र यादव




और उनकी पत्नी संतोष यादव के साथ मिलकर मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे के पास पानी गांव स्थित रुद्र शिवा इन प्राइवेट लिमिटेड नाम से होटल-ढाबे के संचालन के लिए पार्टनरशिप की थी। साझेदारी में नगेन्द्र चौधरी की हिस्सेदारी उनके निवेश के अनुपात में तय की गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि होटल के निर्माण और संचालन के लिए हरेंद्र यादव और संतोष यादव ने समय-समय पर विभिन्न खर्च बताकर धनराशि मांगी। इस पर उन्होंने आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में 1.67 करोड़ रुपये से अधिक जमा कराए, जबकि 87.45 लाख रुपये नकद दिए। एफआईआर में कहा गया है कि यह रकम उन्होंने अपनी जमा पूंजी के साथ-साथ ऊंची ब्याज दरों पर ऋण लेकर जुटाई थी। शिकायत के अनुसार, 21 मई 2023 को होटल का संचालन शुरू हो गया और कारोबार भी ठीक चलने लगा। आरोप है कि इसके बाद हरेंद्र यादव ने पार्टनरशिप की शर्तों का पालन करना बंद कर दिया। नगेन्द्र चौधरी का कहना है कि उन्हें न तो कारोबार का सही हिसाब दिया गया और न ही लाभ में उनकी हिस्सेदारी दी गई। नगेन्द्र चौधरी ने दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया है कि होटल जिस जमीन पर बनाया गया था, उसे आरोपियों ने अपनी संपत्ति बताकर दस्तावेज दिखाए थे। बाद में उन्हें पता चला कि जमीन आरोपियों की नहीं थी, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति से 10 वर्ष के लिए किराये पर ली गई थी। शिकायतकर्ता का दावा है कि उन्हें फर्जी और कूटरचित दस्तावेज दिखाकर निवेश कराया गया।हिस्सेकदारी की मांग करने पर धमकी देने का आरोप एफआईआर के अनुसार, बाद में शिकायतकर्ता को जानकारी मिली कि होटल को उनकी जानकारी और सहमति के बिना किसी अन्य व्यक्ति को किराये, पट्टे या बिक्री के माध्यम से सौंप दिया गया। आरोप है कि इस बारे में उन्हें कोई सूचना तक नहीं दी गई। जब उन्होंने इसका विरोध किया और अपनी हिस्सेदारी का हिसाब मांगा तो आरोपियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। नगेन्द्र ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने अपने पैसे और हिस्सेदारी की मांग की तो उन्हें जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई।नगेन्द्र चौधरी का कहना है कि उन्होंने 17 जनवरी, 2026 को मधुबन बापूधाम थाने में इस पूरे मामले की लिखित शिकायत दी थी।

**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहाॅगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# अवैध कब्जे के बाद चला प्रशासन का बुलडोजर

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** गुन्नौर में सरकारी रास्ते पर अवैध रूप से बनी ईदगाह की बाउंड्री वॉल को बुधवार को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान, बाउंड्री वॉल से सटे एक कमरे को खाली करने के लिए कुछ समय दिया गया, ताकि उसके अंदर रखा सामान सुरक्षित निकाला जा सके। बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे, उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विकास चंद्र के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पूर्व में की गई पैमाइश के आधार पर सरकारी रास्ते पर बने अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई शुरू की।



प्रशासन के अनुसार, गाटा संख्या 432 सरकारी रास्ते के रूप में दर्ज है। जिस पर ईदगाह की बाउंड्री वॉल और एक कमरा बना लिया गया था। इस अवैध कब्जे के कारण रास्ता तंग हो गया था, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। इस संबंध में संपूर्ण समाधान दिवस में सार्वजनिक शिकायतें भी प्राप्त हुई थीं।

शिकायतों का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने पहले ही ईदगाह से जुड़े लोगों को अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों का पालन न होने पर आज बुलडोजर से पूरी दीवार को ढहा दिया गया। दीवार गिरने के बाद, सरकारी रास्ते पर बने कमरे को खाली करने के लिए एक घंटे का समय दिया गया। ईदगाह से जुड़े लोगों ने 20 से 25 मजदूरों को लगाकर ईंटों को हटाना और संरक्षित करना शुरू कर दिया है। प्रशासन के सख्त रुख के बाद लोगों ने कमरा खाली कर दिया है और शाम तक पूरे रास्ते को खाली करने की उम्मीद है। एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि गुन्नौर में गाटा संख्या 432 रास्ते के नाम से दर्ज है। इस पर ईदगाह की बाउंड्री वॉल और एक कोठरी का अवैध निर्माण किया गया था। उन्होंने पुष्टि की कि इस जमीन को चिन्हित कर संबंधित पक्षों को पहले ही अवगत करा दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा निर्माण नहीं हटाया गया। जिसके बाद प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की है।

## जनकल्याण सेवा समिति ने पुरुषोत्तम मास में किया भंडारा

**संभल।** वैसे तो भंडारा कभी भी किया जाए यह एक बहुत ही पुण्य का कार्य है परंतु पुरुषोत्तम मास में भंडारा आयोजित करना या उसमें सहयोग देने का अत्यंत धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है इसे अन्न दान का सर्वोत्तम रूप माना जाता है।इसी को मद्देनजर रखते हुए जनकल्याण सेवा समिति चंदौसी ने माल गोदाम रोड पर मोहन नक्षत्र के आवास पर एक भंडारे का आयोजन आज शाम से लेकर प्रभु इच्छा तक किया गया। इसमें सहयोग अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, सचिव भावना गुप्ता, उपाध्यक्ष आशा गोस्वामी, कोषाध्यक्ष मीनू फैंसी, पूनम वार्ष्णेय पूर्णिमा, सोनी रस्तोगी, सीमा फैंसी, कांता अदलखा, रेखा रस्तोगी, अंशू वार्ष्णेय, राजेश्वरी, रचना, शालिनी शर्मा, सीमा सिंह, अनामिका सिंह, आभा रानी आदि मौजूद रहीं।

# मंगलकामना को लेकर कैला माता मंदिर में वैदिक हवन यज्ञ एवं विशेष पूजा-अर्चना

## जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने दी आहुतियां

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बाड़ी।** राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर धौलपुर निधि बीटी के निर्देशानुसार प्रदेश में उत्तम वर्षा, कृषि समृद्धि, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा आमजन के सुख, शांति एवं समृद्ध जीवन की मंगलकामना को लेकर बुधवार को प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला माता मंदिर, बाड़ी में विशेष पूजा-अर्चना, वैदिक हवन यज्ञ एवं मंगलकामना कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। उपखंड प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन बाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए प्रदेश की खुशहाली एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी एवं नगर पालिका प्रशासक अमित कुमार वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में



प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं संरक्षण की भावना सदैव सर्वोपरि रही है। वर्षा केवल कृषि उत्पादन का आधार नहीं, बल्कि समूचे जनजीवन, अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण संतुलन की जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समय पर एवं पर्याप्त वर्षा होने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, जलाशयों एवं भूजल स्तर में वृद्धि होगी तथा विकास कार्यों को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि तहसीलदार मुकेश मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं संसाधनों के संरक्षण की भावना ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने नागरिकों से वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी उत्तम चंद्र बंसल ने कहा कि अच्छी वर्षा प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख आधार है।

## सार-संक्षेप

### चंदौसी में पुलिस परामर्श समझौते में पांच परिवारों को मिलाया गया



**संभल।** जनपद संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत निर्देशन अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी महिला थानाध्यक्ष डा. रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थाना अध्यक्ष डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां कुल 25 पत्रावली को सुना गया। 8 पत्रावली का निस्तारण किया गया 5 परिवारों को समझा कर उनका पुन: घर बसाया गया। 1पत्रावली पर विधिक कार्यवाही की संस्तुतिकी गई तथा 2 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक हुई संपन्न




**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज परीक्षा के अंतिम दिवस द्वितीय सत्र में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सम्भल स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लिखित परीक्षा 08, 09 एवं 10 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इण्टर कॉलेज सम्भल, एसबीएसजे इण्टर कॉलेज सम्भल, हिन्द इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, अभ्यर्थियों की प्रवेश एवं चेकिंग व्यवस्था, तथा परीक्षार्थियों के लिए पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### होली चौक पर अवैध कब्जे की शिकायत पर प्रशासन सक्रिय, टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**उसावां।** नगर पंचायत उसावां के होली चौक स्थित सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे की शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा मामले को उठाए जाने के पश्चात एसडीएम दातागंज के निर्देश पर राजस्व, नगर पंचायत एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह, नगर पंचायत कर्मी, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पुलिस बल शामिल रहे। टीम ने संबंधित भूमि का निरीक्षण कर अभिलेखों का परीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से भी जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र की सरकारी भूमि तथा राज्य योजना से संबंधित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। संगठन ने इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और सरकारी भूमि का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के लिए नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण के दौरान संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को कथित अतिक्रमण के संबंध में जानकारी देते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग दोहराई। उनका कहना है कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना जनहित में आवश्यक है। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। भूमि अभिलेखों एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में अवैध कब्जे की पुष्टि होती है तो नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# डीएम एसएसपी ने भुवनेश्वर तीर्थ का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने तहसील सम्भल के ग्राम खानपुर खुमार स्थित प्राचीन भुवनेश्वर तीर्थ का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तीर्थ स्थल की व्यवस्थाओं, पहुंच मार्ग तथा आसपास की परिस्थितियों का जायजा लिया। भुवनेश्वर तीर्थ जनपद के प्राचीन 68 तीर्थों एवं 19 महाकूपों में से एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। निरीक्षण के समय यहां से होकर गुजरने वाले 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग का भी अवलोकन किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने परिक्रमा मार्ग के प्रस्तावित स्वरूप के संबंध में अपनी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की तथा मार्ग में आवश्यक संशोधन की मांग की। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित एवं स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मार्ग का पुनरीक्षण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग को संशोधित करते हुए चामुण्डा मंदिर के समीप से निकाला जाए, जिससे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों को अधिक सुविधा प्राप्त हो सके। इस अवसर पर तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान अभियान के प्रति सक्रियता बढ़ाने पर दिया जोर

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** इंडियन ब्लड डोनर्स ग्रुप की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संभल फ्यूचर एकेडमी, फतेहउल्लाह सराय, हसनपुर रोड पर किया गया। बैठक में ग्रुप के सम्मानित सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और रक्तदान अभियान को और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ एवं युवा समाज सेवी और संभल फ्यूचर एकेडमी के डायरेक्टर तथा डी एस आर हॉस्पिटल के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. शाने रब ने की तथा संचालन समाजसेवी मशकूर मंसूरी ने किया। इस अवसर पर डॉ. शाने रब ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त पहुंचाना संगठन का



मुख्य उद्देश्य है। बैठक को सम्बोधित करते हुए

इंडियन ब्लड डोनर्स ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी नवेद शान ने आगामी रक्तदान शिविरों, नए सदस्यों को जोड़ने, आपातकालीन रक्त सहायता व्यवस्था को मजबूत करने तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि इंडियन ब्लड डोनर्स ग्रुप सँभल व अन्य जिलों और राज्यों मे लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है और भविष्य में भी जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए अपना अभियान जारी रखेगा। ग्रुप के संस्थापक नवेद शान ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकता और सेवा भावना को बनाए रखने का आह्वान किया।

# इंडियन गैस एजेंसी स्टाफ से मारपीट, लूटपाट और तोड़फोड़ का आरोप



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बाड़ी।** शहर के इंडियन गैस एजेंसी के स्टाफके साथ डिलीवरी के दौरान मंगलवार को मारपीट और लूटपाट की घटना के साथ गाड़ी में तोड़फोड़ की वारदात हुई थी। घटना के बाद पीड़ित स्टाफने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। ऐसे में भयभीत स्टाफने बुधवार को गैस एजेंसी पर सप्लाई का काम बंद कर दिया। स्टाफ की मांग है कि जब तक दोनों आरोपी गिरफ्तार नहीं किए जाते,काम बंद रहेगा। ऐसे में बुधवार को पूरे शहर में गैस सप्लाई नहीं की गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को दिन में इंडियन गैस एजेंसी की एक गाड़ी जो सरमथुरा रोड पर होम डिलीवरी देने गई थी के स्टाफ संत कुमार के साथ वापसी में लौटते समय ठाकुर पाड़ा निवासी आरोपो किल्ली ठाकुर और संतोष कुमार ने जबरन रोककर पहले 24 भरे हुए सिलेंडर मांगे, मना करने पर आरोपियों ने गाड़ी में से संत कुमार को खींचकर बुरी तरह से मारपीट की। वही गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए उसके बैग में रखी डिलीवरी की राशि को छीनकर ले गए, जाते समय जान से मारने की भी धमकी देकर गए। उक्त घटना को लेकर पीड़ित संत कुमार पुत्र जगदीश शर्मा ने मंगलवार को शाम थाने में रिपोर्ट दी।

बाद में एजेंसी संचालक शंभू दयाल गुप्ता के साथ स्टाफ की बैठक के दौरान सभी हॉकर एवं अन्य स्टाफ ने उनको बताया कि घटना से पूरा स्टाफ भयभीत है। जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी। कोई काम नहीं करेगा। ऐसे में बुधवार को सभी हॉकर और स्टाफ ने काम बंद कर दिया है। जिसके चलते शहर में घरेलू और वाणिज्य गैस की सप्लाई नहीं हो पाई। मामले को लेकर इंडियन गैस एजेंसी के संचालक शम्भू दयाल गुप्ता का कहना है कि स्टाफ को काफी समझाया था कि पुलिस अपना काम कर रही है। जल्द आरोपियों को पकड़ा जाएगा लेकिन उन्होंने आज से कम बंद कर दिया है।

# एसआईओ संभल का समर रेजिडेंशियल कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसआईओ) संभल के तत्वावधान में पिछले वर्ष की परंपरा को जारी रखते हुए तीन दिवसीय समर रेजिडेंशियल कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कैंप 7 से 9 जून 2026 तक मिशन इंटरनेशनल स्कूल, संभल में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 14 से 20वर्ष आयु के छात्रों ने भाग लिया। इस वर्ष कैंप का केंद्रीय विषय फास्तबिकुल ख़ैरात (नेक कामों में एक-दूसरे से आगे बढ़ो) रखा गया था। इस विषय के अंतर्गत छात्रों के धार्मिक और वैचारिक मार्गदर्शन, नैतिक प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास तथा नेतृत्व क्षमता के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। कैंप के दौरान विभिन्न शैक्षिक सत्र, प्रशिक्षण कार्यक्रम, समूह चर्चाएँ, करियर मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग, खेलकूद गतिविधियाँ, रचनात्मक कार्यक्रम तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को अपनी क्षमताओं को समझने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने का अवसर मिला। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न प्रशंसा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इनमें बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द कैंप का पुरस्कार ब्रदर अली हसन तथा मेमोरी टेस्ट विनर का पुरस्कार ब्रदर मोहम्मद अली अनवर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर एसआईओ यूपी पश्चिम के सेक्रेटरी हल्का ब्रदर शहाब हफीज ने कहा कि एसआईओ का उद्देश्य युवाओं को केवल शैक्षिक क्षेत्र तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें चरित्रवान, जिम्मेदार और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाना है।

## सीडीओ गामिनी सिंगला ने दिलाई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ

# बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक का आयोजन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** विकास भवन सभागार में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकारों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत 88 बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 333 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। वहीं स्पॉन्सरशिप योजना के माध्यम से 75 बच्चों तथा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत तीन लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र बच्चों एवं परिवारों तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान बाल कल्याण समिति के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही समिति के रिक्त पदों के संबंध में निदेशालय को पत्र प्रेषित करने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। किशोर न्याय बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल दिया गया।

बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 24 बाल विवाहों की सूचना प्राप्त हुई, जिनमें से 17 बाल विवाहों को जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, एएचटी थाना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त प्रयासों से रोका गया, जबकि पांच सूचनाएं असत्य पाई गईं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी 17 मामलों का नियमित फॉलोअप कर विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर बाल संरक्षण समिति तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को वार्ड स्तरीय बाल कल्याण समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने और उनकी सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संयुक्त निगरानी समिति जिला कारागार की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला बंदी के पुत्र का आधार कार्ड शीघ्र बनवाने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की जाए, ताकि उसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि वहां रह रही पीड़ित महिलाओं का समयबद्ध मेडिकल परीक्षण सुनिश्चित कराया जाए।

बैठक में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने जनपद स्तर पर महिला एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, कार्यशालाएं, जनसंवाद कार्यक्रम एवं विभिन्न कानूनों और कल्याणकारी योजनाओं पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की शपथ दिलाई तथा समाज में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया।

# अधिवक्तओं ने जताया आंक्रोश नगर निगम के प्रति जताया



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर निगम का मुख्य कार्यालय है जवाहर भवन और अलीगढ़ की जिला जज की कोर्ट और अलीगढ़ का ऐतिहासिक घंटाघर पर सड़क की दोनों ओर जल भराव से अधिवक्ताओं का काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का समय आने वाला है नाले गंदगी से भरे पड़े हैं गंदगी के ढेर पड़े हुए हैं पानी नलों में आगे नहीं जा रहा है पानी सड़क पर अभी से भरा पड़ा हुआ है, बरसात आने वाली है उस समय सड़क से निकलना भी मुश्किल होगा दीवानी मैं अंदर कई-कई फीट पानी भर जाता है जिससे अधिवक्ताओं को और वादकारियों को काफी असुविधा होती है अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा आने वाले समय में हो सकता है इसलिए नगर आयुक्त से जनहित में अनुरोध है कि बरसात के आने से पहले से दीवानी कचहरी रोड के दोनों तरफ के नालो की तुरंत साफ करवाई जाए तथा शहर में जो सड़क बन रही है उनकी साइट के किनारे शीघ्र बनवा जाए उनकी टूट-फूट से जो टूटा फूटा मेटेरियल सड़क पर पड़ा है उसको हटाया जाए ,वरना बरसात के दिनों में जब पानी भरेगा तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा है कि स्मार्ट सिटी बरसात आने वाली है उस समय सड़क से निकलना भी मुश्किल होगा। दीवानी में अंदर कई-कई फीट पानी भर जाता है, जिससे अधिवक्ताओं को और वादकारियों को काफी असुविधा होती है अन्यथ कोई भी बड़ा हादसा आने वाले समय में हो सकता है।

# ओम एंटरप्राइजेज में लगी भीषण आग



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गांधी पार्क थाना क्षेत्र स्थित भदेशी रोड पर ओम एंटरप्राइजेज में 9/10 जून 2026 की मध्य रात्रि भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि परिसर में रखा एक सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सिलेंडर फटने के बाद आग और अधिक भड़क गई। आग की चपेट में आने से एक स्कूटी की पेट्रोल टंकी भी फट गई, जिससे कई और धमाके हुए। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और वे सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मामले की जांच कर रही हैं। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से आग को आसपास की दुकानों और इमारतों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा और क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा रही।

# संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कस्बा खैर में विद्युत लाइन ठीक करते समय करंट लगने से एक संविदा लाइनमैन की मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों ने खैर टाउन बिजली घर पर हंगामा किया और शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने शव को सड़क से हटाकर प्रदर्शनकारियों को बिजली घर के अंदर किया। हंगामे की सूचना पर खैर चेयरमैन संजय शर्मा मौके पर पहुंचे और मामले में सुलह कराई। मृतक की पहचान खैर कोतवाली क्षेत्र के धुंधी नगला गांव निवासी 45 वर्षीय तेजवीर बघेल पुत्र अमर सिंह बघेल के रूप में हुई है। वह खैर कस्बे के बड़े बिजली घर के समीप अनाज मंडी स्थित 132 बिजली घर पर संविदा लाइनमैन के तौर पर कार्यरत थे। बुधवार सुबह तेजवीर अपने कार्यक्षेत्र नायल के नगला में एक विद्युत लाइन ठीक करने गए थे। परिजनों का आरोप है कि तेजवीर ने लाइन ठीक करने से पहले शट डाउन लिया था, लेकिन बिजली घर पर तैनात एसएसओ ने बिजली छोड़ दी। इसी कारण विद्युत पोल पर काम करते समय तेजवीर बघेल को करंट लगा और मौके पर ही उनकी मौत हो गई घटना के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी तेजवीर को तुरंत उपचार के लिए ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक लाइनमैन तेजवीर बघेल के परिजनों ने खैर बिजली घर पर कई घूंटों तक जमकर हंगामा किया।

# हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार किसान और गाय की मौत



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पाली क्षेत्र के मुकीमपुर थाना अंतर्गत नरूपुरा कटका गांव में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में टूटकर गिरे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से 45 वर्षीय चंद्रकेश पुत्र रज्जन सिंह और उनकी गाय की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, चंद्रकेश मंगलवार शाम करीब चार बजे अपने पशुओं को चराने के लिए खेत में गए थे। बताया गया कि खेत में खड़ी मक्के की फसल के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन का एक 11 हजार वोल्ट का तार पहले से टूटा हुआ था और जमीन के पास लटक रहा था। तार में लगातार करंट प्रवाहित हो रहा था। खेत में पहुंचते ही चंद्रकेश की गाय करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अपनी गाय को बचाने के प्रयास में चंद्रकेश ने उसे छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। तेज करंट लगने से उनकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### हाईस्पीड रेल परियोजना की तार चोरी, सात आरोपी गिरफ्तार



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ आरपीएफ ने हाईस्पीड रेल परियोजना से लाखों रुपये की ओएचई (फीडर) वायर चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में छह चोरों और एक रिसीवर सहित कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार 10 जून 2026 को रेलवे स्टेशन के सभागार में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त गुलजार सिंह ने दी। आरोपियों ने महरावल-कुलवा और मडराक रेलवे स्टेशन के बीच बिछाई जा रही नई फीडर लाइन की तारें काटकर चोरी की थीं। उनके कब्जे से चोरी की गई वायर, तार काटने में इस्तेमाल किए गए कटर और वारदात में प्रयुक्त एक सुपर कैरी गाड़ी बरामद की गई है आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त गुलजार सिंह के अनुसार, चोरों ने वारदात से पहले पूरी रेकी की थी। वे ऐसे रास्तों का चुनाव करते थे जहां सीसीटीवी कैमरे न हों और टोल प्लाजा से भी बचते हुए निकलते थे। चोरी की गई तारों को वाहन में भरकर अलीगढ़ में बेचा जाता था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने रेलवे के अलावा बिजली विभाग की तारें चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। सहायक सुरक्षा आयुक्त गुलजार सिंह ने बताया कि यह गिरोह बेहद शातिर है और लंबे समय से सुनियोजित तरीके से वारदातों को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। रेलवे और स्थानीय पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी गहनता से जांच कर रही है। पकड़े गये अभियुक्तों में थान सिंह उर्फ छोटू पुत्र राजेन्द्र सिहं निवासी कस्तली पला थाना जवॉ जिला अलीगढ, सचिन कुमार पुत्र हीरालाल निवासी बम्बा वाली गली बड़ा जाटव मोहल्ला वर्ड नं०-०4 थाना जवॉ जिला अलीगढ़, सन्नी पुत्र स्व० वीरपाल निवासी बम्बा वाली गली बड़ा जाटव मोहल्ला वर्ड नं०-०4 थाना जवॉ जिला अलीगढ़, नरेन्द्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी बम्बा वाली गली बड़ा जाटव मोहल्ला वर्ड नं०-०4 थाना जवॉ जिला अलीगढ़ बाईपास थाना सासनी गेट जिला अलीगढ़। '(रिसीवर कबाड़ी)' शामिल है।

### नीलाभ भार्गव सपा छोड़ कॉग्रेस में शामिल

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**अलीगढ़।** युवा कांग्रेस कमेटी के पूर्व शहर अध्यक्ष व वर्तमान में समाजवादी पार्टी के महानगर कोषाध्यक्ष नीलाभ भार्गव जोकि किसी कारणों से कांग्रेस पार्टी से अलग हो गये थे ने आज समाजवादी पार्टी छोड़कर घर वापसी करते हुए कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। पूर्व विधायक विवेक बंसल के मैरिस रोड स्थित कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में विवेक बंसल व अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने नीलाभ भार्गव को फूल माला पहनाकर उनका घर वापसी पर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी पूरनचंद देशमुख, ओमप्रकाश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक गौड़, वरिष्ठ कांग्रेसी नरेन्द्र देव वशिष्ठ, नदीम गफूर, पूर्व शहर अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी, प्रदीप रावत, वसीम काजी, नादिर खान, रईस गाजी, रजनीश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# 'जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन का औचक निरीक्षण




**अमर भास्कर ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ विकास भवन स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण की मुख्य विशेषता यह रही कि जिलाधिकारी ने स्वयं विभिन्न विभागों में जाकर लंबित शिकायतों के निस्तारण की जमीनी हकीकत जानने के लिए शिकायतकर्ताओं से सीधे टेलीफोन पर वार्ता की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग में जाकर शिकायतकर्ताओ से सीधे वार्ता की ,शिकायतकर्ता राजवीर यादव से दूरभाष पर सीधे बात कर वृद्धावस्था पेंशन मिलने की स्थिति जानी, जिस पर शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट नजर आया। निरीक्षण के दौरान जब जिलाधिकारी ने फिरोजाबाद जिले की महिलाओं की प्रति व्यक्ति आय की जानकारी मांगी गई तो अर्थ एवं सांख्यिकी के किसी अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा द्वारा कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा सका। जिलाधिकारी ने इसे अत्यंत खेदजनक बताते हुए स्थिति में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए।परिसर में जगह-जगह व्याप्त गंदगी को देखकर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय के साथ-साथ पूरे विकास भवन परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही इन शिकायतों के ट्रैक रिकॉर्ड के लिए एक अलग से शिकायत निस्तारण रजिस्टर तैयार करने के आदेश दिए गए गए ताकि निगरानी सही तरीके से हो सके। इस औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त स्वत: रोजगार कार्यालय, ग्रामीण अभियंत्रण कार्यालय, जिला उद्यान कार्यालय तथा डीपीओ कार्यालय सहित विकास भवन के लगभग सभी प्रमुख पटलों का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### मकान के विवाद में दो पक्षों में विवाद

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**अलीगढ़।** बन्नादेवी थाना क्षेत्र में पैतृक मकान के विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर उसके रिश्तेदारों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार के अनुसार, मोहम्मद आजम पैतृक मकान से जुड़े दस्तावेजी कार्य और बातचीत के सिलसिले में अपने रिश्तेदारों के पास गए थे।

आरोप है कि वहां मौजूद पांच लोगों ने उन्हें अकेला पाकर घेर लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। परिजनों का दावा है कि हमलावरों ने आजम की बेरहमी से पिटाई की और उनके सीने में चाकू मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# हजरत मुईन उददीन शाहे के मजार पर एक बैठक का आयोजन किया गया



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** दिन बुधवार को एक बैठक का आयोजन पंजतन पाक मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष हाजी गुलाम साबिर मिया की अध्यक्षता में की गईदरगाह हजरत शेख अब्दुल रशीद मियां व हजरत मुईन उददीन शाह के मजार पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मोहर्रम माह की आठवीं तारीख का जुलूस के संबंध में अलमदार ताजिया दर आदि लोग मौजूद रहे जिला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन मियां ने सभी अलमदार ताजिया दरों को बताया है कि मोहर्रम की आठवीं तारीख जो के हरि दरगाह से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होता हुआ जुलूस बसंत हॉस्पिटल पर जाकर समाप्त होता है जिला मोहर्रम कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूफी वकील मियां ने कहा है नगर निगम द्वारा दी गई सफाई के संबंध में भी बात कही वहीं जिला मोहर्रम कमेटी के कोच अध्यक्ष शाह आलम मियां ने कहा है प्रशासन से मांग की है की अतिक्रमण के हटाने की कृपा करें बिजली के तारों को ऊंचा कराकर और बताया है उन्होंने अतिक्रमण आदि जैसे की ट्रिपल भट्टी तंदूर बेंच रास्ते पर बची हुई है जिससे जुलूस में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े पर इस मौके पर काफी संख्या में आए अलमदार ताजिया दार मुख्य रूप से यह लोग मौजूद रहे हैदर अली अलमदार सूफी जब्बार मियां नौशे अलमदार जीशान ताजियादार नबी आलम अलमदार सनी भाई ताजियादार मोहम्मद रफीक नाजिम अली जिला मोहर्रम कमेटी के सचिव मजहर उद्दीन ने कहा है नगर निगम द्वारा साफ सफाई कराई जाए नावेद अनवर हुसैन अनवर मॉरिस मियां आदि लोग मौजूद रहे।

# किराना दुकान में लगी भीषण आग



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव हरदासपुर में देर रात एक किराना दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान संचालक सुरेंद्र प्रताप सिंह की यह दुकान परिवार की आजीविका का मुख्य साधन थी। आग की सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान नष्ट हो चुका था। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित ने प्रशासन और सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। वहीं भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महानगर मंत्री प्रमोद कुमार भीमा भी मौके पर पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# फिरोजाबाद पुलिस ने माह मई-2026 में प्रदेश के 75 जनपदों में प्राप्त की प्रथम रैंक

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद फिरोजाबाद द्वारा 75 जनपदों के मध्य लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जनपद फिरोजाबाद को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में 125 में से पूरे 125 अंक प्राप्त किए हैं।

माह मई 2026 में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त कुल 4364 शिकायतें प्रार्थना पत्र जिसमें जनपद पुलिस द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करते हुए आवेदकों से फीडबैक लेते हुए प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया।

जनपद पुलिस द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही की गयी जिसमें कोई भी प्रार्थना पत्र डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में फरियादियों की समस्याओं की रैण्डम जांच हेतु पुलिस कार्यालय से मौके पर जांच अधिकारी भेजकर करायी जाती है जांच । प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों का भौतिक निरीक्षण क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी द्वारा स्वंय किया जाता है । प्रतिदिन पुलिस कार्यालय टीम द्वारा आवेदकों के पास कॉल कर फीडबैक लिया जाता है यदि आवेदक संतुष्ट नहीं है तो जांच में लापरवाही शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित जाँचकर्ता के विरूद्ध होती है कार्यवाही

फिरोजाबाद पुलिस फरियादियों की शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के प्रति कटिबद्ध है

# शत प्रतिशत स्वीकृतियों के साथ 99.44 प्रतिशत आवासों का निर्माण कार्य हुआ पूर्ण

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** नव आगन्तुक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और दृढ़ नेतृत्व में जनपद फिरोजाबाद ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 'वित्तीय वर्ष 2025-26 की जारी राज्य स्तरीय संचयी रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फिरोजाबाद ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।जनपद को कुल 1260 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 1260 आवास स्वीकृत किए, इनमें से 1253 आवास पूरी तरह से निर्मित किए जा चुके है, जो कुल लक्ष्य का 99.44 प्रतिशत है। हमारा प्रयास केवल कागजी आकंडों कों छूना नही था, बल्कि मा० मुख्यमंत्री जी के उस विजन को धरातल पर उतारना था, जिससे समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में प्रकाश आ सके। मुझे गर्व है कि मेरी पूरी टीम ने पूरी संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ काम किया, जिसके फलस्वरूप आज 1253 गरीब परिवारों को उनकी अपनी छत नसीब हुई है। ब्लॉक वार प्रगति रिपोर्ट की बात करें तो अरांव ब्लॉक को 137 का लक्ष्य मिला था, एका ब्लॉक को में 158, जसराना को 116, शिकोहाबाद को 167 और टूण्डला को 108 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर शत प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि नारखी को 232 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर 230 आवास पूर्ण हो चुके है, मदनपुर को 149 का लक्ष्य मिला था जहां पर 147 आवास पूर्ण हो चुके है, इसी तरह खैरगढ का 31 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर 30 आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि फिरोजाबाद को 162 आवासों का लक्ष्य मिला था, जिसमें 160 आवास पूर्ण हो चुके है। जिलाधिकारी ने कहा कि शेष आवासों को भी शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे गरीबों को उनका आश्रय मिल सके।

## पाकिस्तान के हवाई हमलों से अफगानिस्तान में 13 लोगों की मौत

अफगानिस्तान ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर उसके क्षेत्र में हवाई हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इन हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच पहले से चल रहा तनाव और बढ़ गया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तानी हवाई हमले अफगानिस्तान के खोस्त, कुनार और पक्तिका प्रांतों में किए गए। उनके अनुसार हमलों में 11 बच्चों, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। तालिबान सरकार ने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे नागरिकों को निशाना बनाने वाली



कार्रवाई बताया है। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इन हमलों को लेकर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले कई महीनों से सीमा पर तनाव बना हुआ है। फरवरी के अंत से दोनों देशों के बीच लगातार संघर्ष और जवाबी कार्रवाइयां हो रही हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। असल, पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल ऐसे आतंकवादी संगठन कर रहे हैं, जो पाकिस्तान के भीतर हमले करते हैं। विशेष रूप से पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर चिंता जताता है। पाकिस्तान का कहना है कि टीटीपी के लड़ाके अफगानिस्तान में शरण लेकर पाकिस्तान में आतंकी हमले करते हैं। टीटीपी, अफगान तालिबान से अलग संगठन है, लेकिन दोनों के बीच वैचारिक और रणनीतिक संबंध माने जाते हैं। अफगानिस्तान में 2021 में अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के बाद तालिबान ने सत्ता संभाली थी। तब से पाकिस्तान लगातार काबुल पर टीटीपी को पनाह देने का आरोप लगाता रहा है। हालांकि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है। उसका कहना है।

## शराब असली है या नकली? अब यूपी एक्ससाइज सिटिजन एप से खुद करें जांच

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** अगर आप मदिरा (शराब) की शुद्धता, उसकी कीमत या उसके असली-नकली होने को लेकर असमंजस में हैं, तो अब आप खुद अपने मोबाइल से इसकी सत्यता जांच सकते हैं। उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग ने इसके लिए एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया है। जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए आम जनता से अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान में भागीदार बनने की अपील की है कि क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुलेगा पूरा कच्चा चिट्ठा।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा विकसित यूपी एक्ससाइज सिटिजन एप के




जरिए कोई भी नागरिक शराब की बोतल पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर सकता है। स्कैन करते ही मोबाइल स्क्रीन पर मदिरा से संबंधित निम्नलिखित जानकारियां तुरंत सामने आ जाएंगी। अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) ब्रांड का नाम, बैच नंबर अन्य आवश्यक और वैधानिक विवरण उपलब्ध हो जाएगा। अवैध शराब की सूचना देने के लिए जारी हुए नंबर यदि किसी भी व्यक्ति को अवैध मदिरा के निर्माण, तस्करी, अवैध भंडारण या बिक्री की जानकारी मिलती है, अथवा शराब की गुणवत्ता पर शक होता है, तो वह सीधे विभाग को सूचित कर सकता है।

इसके लिए टोल-फ्री और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए हैं। जिसमें टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर- 14405 व्हाट्सएप नंबर 9454466019 मथुरा जनपद के आबकारी अधिकारियों के सीयूजी नंबर क्षेत्रवार शिकायत दर्ज कराने के लिए आबकारी निरीक्षक के सीयूजी नंबर सदर 9454466362, (छाता) 9454466363, (मांट) 9454466364, (महावन) 9454466859, (गोवर्धन) पर करा सकते है।

## 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थी- स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग।

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 12वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा 15 से 21 जून 2026 तक योग सप्ताह मनाए जाने के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जाएं।



जिलाधिकारी ने बताया कि 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योग के विभिन्न मुद्रा, आसान एवं विधि को किया गया। आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित 5 मिनट के वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल के अंतर्गत योग प्रशिक्षक नीरज अरोरा द्वारा ताड़ासन, कटी- चक्रासन, अनुलोम विलोम, स्कंध चक्रासन, उत्तान - मंडूक आसान कराया गया।

जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में, जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूलों व कॉलेजों में, जिला पंचायत राज अधिकारी को समस्त ग्रामों में, नगर निगम को घाटों, प्रमुख मंदिरों, पार्कों में तथा मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को सोसाइटी रेजिडेंशियल क्षेत्रों में योग कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में योग दिवस के मुख्य आयोजन स्थल, प्रतिभागियों की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि योग अपनाएं - स्वस्थ जीवन पाएं, हर दिन योग - हर पल निरोग, योग बने जीवन का आधार - स्वास्थ्य रहे सदा साकार, योग से तन स्वस्थ - मन प्रसन्न, योग है स्वास्थ्य का संकल्प - जीवन का सर्वोत्तम विकल्प, एक कदम योग की ओर - स्वस्थ और सुखी जीवन की ओर आदि टैग लाइन के माध्यम से लोगों को जागरूक करे तथा योग हेतु प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं। योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य विरासत है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास एवं जीवन में संतुलन स्थापित करने में भी सहायक है।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ० पूजा गुप्ता, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ० डिगम्बर सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ० शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रघुवेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल होने पर दो हेड कांस्टेबल सस्पेंड

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** सोशल मीडिया पर वाहनों को प्रवेश दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कराई गई जांच के बाद थाना वृंदावन में तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल नरसिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के अनुसार विभाग में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी या अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर दो वीडियो तेजी से वायरल हुए थे, जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर पैसे के लेन-देन की बात सामने आ रही थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद एसएसपी ने तत्काल पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश दिए क्षेत्राधिकारी (सीओ सदर) सदर प्रीतम पाल सिंह के अनुसार, वायरल वीडियो की गहनता से जांच की गई, जिसमें दो अलग-अलग बातें सामने आई है। उन्होंने जांच में पाया गया कि पहले वायरल वीडियो में जो पैसे का लेन-देन दिख रहा था, वह कोई अवैध वसूली या रिश्वत नहीं थी। दरअसल, वह एक मजदूर और ठेकेदार के बीच चल रहे आपसी पैसे के विवाद का मामला था। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कराया था और लिखित रूप में विवाद सुलझाया था। दूसरे वीडियो की जांच में थाना वृंदावन क्षेत्र के हेड कांस्टेबल राजकुमार और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल नरसिंह की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध पाई गई। वीडियो में साफ दिख रहा था कि कुछ व्यक्तियों द्वारा पर्स से पैसे निकालने के बाद एक बस को आगे जाने की अनुमति दी गई। प्रथम दृष्टया इस अनियमितता (रिश्वतखोरी) की पुष्टि होने पर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया। फिलहाल, दोनों हेड कांस्टेबलों के निलंबन के साथ ही इस पूरे प्रकरण की विभागीय हन जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महापौर ने किया श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विश्राम घाट पर 20 केवीए जनरेटर का लोकार्पण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा विश्राम घाट पर 20 केवीए क्षमता का जनरेटर स्थापित किया गया है। इस जनरेटर का लोकार्पण महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विश्राम घाट धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं। स्थापित जनरेटर के माध्यम से विश्राम घाट एवं उसके आसपास के क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी घाट क्षेत्र प्रकाशमान रहेगा, जिससे श्रद्धालुओं, भक्तजनों एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा रात्रिकालीन समय में सुरक्षा एवं सुगमता भी बनी रहेगी।

## बाल विवाह आदि मामलों में त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** उ०प्र० राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ० बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई समीक्षा बैठक राजीव भवन सभागार, जनपद-मथुरा में सम्पन्न की गयी। महिला जनसुनवाई के दौरान लगभग 16 पीड़ित महिलाओं ने उपस्थित होकर अपनी समस्यायें अध्यक्षा के समक्ष रखी, जिसमें मुख्यत: घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिलाओं की शिकायतें सम्मलित रही। अध्यक्षा द्वारा उपरोक्त सभी शिकायतों में तत्काल कार्यवाही करने एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं हेतु चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का



लाभअधिक-से-अधिक प्रदान किये जाने के दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान महिला जनसुनवाई समीक्षा बैठक में श्रीमती श्वेता कुमारी यादव अपर पुलिस अधीक्षक (क्राइम), श्रीमती रतन कीर्ति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डॉ० स्वाती जाडिया अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, हंसराज श्रम प्रवर्तन अधिकारी, विशाल कुमार जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि प्रधानाचार्य (जी०आई०सी०), प्रशांत सुचारी जिला सूचना अधिकारी, श्रीमती बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी, इन्द्रपाल सिंह उपायुक्त, एन०आर०एल०एम० तथा जिला प्रोबेशन कार्यालय से स्टाफ उपस्थित रहा। अध्यक्षा के निर्देशानुसार आज की जन सुनवाई में आयी शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जायेगा। इसके उपरान्त मा० अध्यक्षा जी तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पाकिस्तान की बर्बरता पर भड़का मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी

**इस्लामाबाद।** मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शनों पर व्यापक सैन्य कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय चुनावों से पहले अधिकारियों ने अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया, असहमति की आवाज को दबाया और बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन किया। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) को आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित किए जाने के फैसले की भी आलोचना की। एमनेस्टी ने इस कदम




को गैरकानूनी और असंगत बताते हुए कहा कि यह संगठन बनाने की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों पर गंभीर हमला है। रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्र की विधानसभा की संरचना को लेकर जेकेजेएएसी और अधिकारियों के बीच बातचीत विफल होने के बाद कार्रवाई तेज हो गई। पांच जून को, जिस दिन पाकिस्तान ने 27 जुलाई को क्षेत्रीय चुनाव कराने की घोषणा की, उसी दिन पूरे क्षेत्र में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गईं। इसके साथ ही आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया। पर्यटकों और आगंतुकों को क्षेत्र छोड़ने की सलाह दी गई, जबकि संघीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की भी खबरें सामने आईं। एमनेस्टी के अनुसार, इन कदमों ने क्षेत्र को प्रभावी रूप से अलग-थलग कर दिया है और सूचनाओं के प्रवाह पर गंभीर असर डाला है। पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी निशाना बनाया गया है। स्थानीय पत्रकार सोहराब बरकत को कथित तौर पर अपनी ऑनलाइन रिपोर्टिंग के माध्यम से जेकेजेएएसी का प्रचार करने के आरोप में पाकिस्तान के साइबर अपराध कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया।

## गाजा में फलस्तीनियों पर टूटा उग्रवादियों और पुलिस का कहर

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में हमास से जुड़े लड़ाकों और पुलिस इकाइयों ने युद्ध के दौरान दर्जनों फलस्तीनियों की हत्या की, उन्हें गंभीर रूप से घायल किया और सार्वजनिक रूप से फांसी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये कृत्य युद्ध अपराध की श्रेणी में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्धग्रस्त गाजा में सैकड़ों मामलों में लोगों को बिना किसी



कानूनी प्रक्रिया के सजा दी गई। इन घटनाओं का प्रचार भी किया गया ताकि आम लोगों में डर का माहौल बनाया जा सके।रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया, घुटनों में गोली मारी गई, लोहे की पाइप और सीमेंट की ईंटों से हड्डियां तोड़ी गईं तथा बुरी तरह पीटा गया। इन कार्रवाइयों को कथित तौर पर इस्राइल के लिए जासूसी करने, राहत सामग्री लूटने, चोरी, नशीले पदार्थों से जुड़े अपराध या राजनीतिक विरोधियों से संबंध रखने की सजा के रूप में पेश किया गया।यूएन आयोग ने अगस्त 2024 से जनवरी 2026 के बीच ऐसे 249 मामलों का दस्तावेजीकरण किया है, जिनमें 108 लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन घटनाओं में से लगभग एक-चौथाई मामलों में हमास से जुड़े लड़ाकों और पुलिस बलों की भूमिका सामने आई है। आयोग ने हमास से जुड़े मामलों की विशेष जांच की, हालांकि अन्य सशस्त्र समूहों पर लगे आरोपों को भी दर्ज किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सजा देने की ये कार्रवाइयां अदालतों या न्यायाधीशों के आदेश से नहीं, बल्कि हमास की सैन्य शाखा और पुलिस इकाइयों द्वारा सीधे की गईं। रिपोर्ट के अनुसार, निशाने पर आए लोगों में हमास विरोधी कार्यकर्ता, इस्राइल समर्थित स्थानीय समूहों के सदस्य और ऐसे लोग शामिल थे, जिन पर हमास को कमजोर करने का आरोप लगाया गया था। यूएन ने जिन मामलों का जिक्र किया है, उनमें सितंबर 2025 में शिफा अस्पताल के बाहर तीन आंखों पर पट्टी बंधे लोगों को भीड़ के सामने गोली मारने की घटना भी शामिल है। इसके अलावा अक्तूबर 2025 में गाजा सिटी के एक सार्वजनिक चौक पर आठ लोगों को घसीटकर लाया गया और गोली मार दी गई। इन लोगों पर जासूस, गद्दार और इस्राइल का सहयोगी होने का आरोप लगाया गया था। यूएन आयोग ने कहा कि ये घटनाएं अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और मानवाधिकार कानून का गंभीर उल्लंघन हैं। आयोग के अनुसार, ऐसे कृत्य हत्या के युद्ध अपराध की श्रेणी में आते हैं और जीवन, स्वतंत्रता, सुरक्षा तथा निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार का हनन करते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई लोगों, जिनमें बच्चे भी शामिल थे, को चोरी, नशीले पदार्थों की तस्करी या तंबाकू की अवैध बिक्री के आरोप में सार्वजनिक रूप से पीटा गया और अपमानित किया गया। कुछ गवाहों ने बताया कि ऐसी सजा अस्पताल परिसरों में भी दी गई, जिनमें खान यूनिस का नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स शामिल है। हालांकि आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल परिसरों में हुई इन घटनाओं के बावजूद अस्पतालों को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मिलने वाला संरक्षण समाप्त नहीं होता। फलस्तीनियों को उनकी जमीनों से हटाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022